चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 135, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 13 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में तेजी से आगे बढ़ रहा यूपी: योगी

## देवरिया में केंद्रीय मंत्री गडकरी के साथ सीएम योगी ने किया पांच बड़ी सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास

**देवरिया।** केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को देवरिया में शानदार रोड कनेक्टिविटी के लिए 6215 करोड़ रुपये की लागत वाली 05 बड़ी सड़क परियोजनाओं की सौगात दी। इन सड़क परियोजनाओं का लाभ देवरिया समेत आसपास के जिलों के साथ ही बिहार को भी मिलेगा। ये सभी परियोजनाएं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की हैं। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के मॉडल पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। देवरिया चीनी मिल परिसर में आयोजित शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने विकास व सुरक्षा का मॉडल दिया है। गरीब कल्याण का मॉडल दिया है। अपनत्व की भावना से सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास का यह मॉडल और तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेस हाइवे का संजाल



बिछ रहा है। इंटर स्टेट कनेक्टिविटी शानदार हुई है। हर जिला मुख्यालय बाईपास से जुड़ रहा है। रोड कनेक्टिविटी से शहरीकरण को गति मिली है और शहरीकरण से अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है। विकास का एक नया मॉडल तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने एक बार फिर कहा कि उनकी सरकार देवरिया जिले की बंद पड़ी गौरी बाजार व बैतालपुर चीनी मिल को सुगर कॉम्प्लेक्स बनाना चाहती है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में रिट दाखिल की गई है। फैसला होते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। सुगर कॉम्प्लेक्स बन जाने से हजारों नौजवानों को रोजगार मिलेगा और अन्नदाता का भविष्य उज्ज्वल होगा।

**गन्ना व चीनी उद्योग को सरकार ने किया पुनर्जीवित:** सीएम योगी ने कहा कि भाजपा सरकार से पूर्व प्रदेश की चीनी मिलें एक एक करके बंद हो रही थीं। 120 साल पूर्व उत्तर प्रदेश में पहली चीनी मिल देवरिया के प्रतापपुर में लगी थी। एक समय देवरिया-कुशीनगर में 42 चीनी मिलें थीं।

## पीएम मोदी को मिलेगा देश की जनता का समर्थन: सीएम

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष के सफल कार्यकाल का पूरा देश अभिनंदन कर रहा है। हर भारतीय खुद को प्रधानमंत्री की एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना से जोड़ रहा है। 2014 व 2019 की तरह ही 2024 में भी पीएम मोदी को हर भारतवासी का समर्थन मिलेगा।

**नौ वर्षों में दुनिया ने देखा बदलते भारत को: योगी**

सीएम योगी ने कहा कि नौ वर्षों में दुनिया ने बदलते भारत, विश्वास से भरे भारत और भारत के नेतृत्व के सामर्थ्य को देखा है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चलते संभव हुआ है। आज भारत हर व्यक्ति के विश्वास का प्रतीक बना है। किसान, महिला, नौजवान, गरीब सभी तबकों की आशा का केंद्र बना है। आज का भारत विरासत का सम्मान करने वाला, सुरक्षित और समर्थ भारत है।

## रुपये और दिरहम में व्यापार के लिए यूएई से बातचीत तेजी के साथ आगे बढ़ी : गोयल

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के केंद्रीय बैंकों के बीच रुपये और दिरहम में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही यूएई ने अपने गैर-तेल द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर पर ले जाने का इरादा जताया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यहां यूएई के साथ संयुक्त समिति की बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यह बात कही।




गोयल ने यूएई के विदेश व्यापार मंत्री थानी बिन अहमद अल जायौदी के साथ संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि दोनों देशों के बीच पिछले साल एक मई को लागू हुए समग्र आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) की संयुक्त समिति की पहली बैठक में गैर-तेल व्यापार को बढ़ाने के लक्ष्य पर सहमति जताई है।

## 'बिपरजॉय तूफान' को लेकर सरकार तैयार

### प्रधानमंत्री मोदी ने चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के प्रभाव से निपटने की तैयारियों का आकलन करने के लिए समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भीषण चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के प्रभाव से निपटने की तैयारियों का आकलन करने के लिए सोमवार को एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पीएम मोदी के, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा, कैबिनेट सचिव राजीव गौबा, पृथ्वी विज्ञान सचिव एम रविचंद्रन सहित कई अधिकारी शामिल हुए।

**गुजरात के कई जिलों के लिए अलर्ट:** वहीं, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने गुजरात में सौराष्ट्र और कच्छ के तटों पर चक्रवातों के लिए रविवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अपने एक ट्वीट में कहा कि चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कच्छ



जिले में जखाऊ बंदरगाह के पास गुरुवार दोपहर यानी 15 जून को बहुत ही गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पहुंचने की संभावना है। विभाग के मुताबिक, इस दौरान 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

मौसम विभाग ने कहा कि चक्रवाती तूफान बिपरजॉय 15 जून को दोपहर के आसपास गुजरात तट से टकराएगा। इस दौरान कच्छ, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, जामनगर, राजकोट, जूनागढ़ और मोरबी में गुरुवार शाम तक 135-145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान आ सकता है। इस दौरान 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और भारी बारिश होगी।

पीएम मोदी ने अधिकारियों के साथ बैठक में आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय उठाने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार संवेदनशील स्थानों पर रहने वाले लोगों को सुरक्षित रूप से निकाल ले और बिजली, दूरसंचार, स्वास्थ्य, पेयजल आदि जैसी सभी आवश्यक सेवाओं का रखरखाव सुनिश्चित करे।

## जीवा को मारने वाले अभियुक्त को मिली थी 20 लाख की सुपारी

**लखनऊ।** राजधानी के कोर्टरूम में बीते दिनों हुई कुख्यात अपराधी संजीव उर्फ जीवा की हत्या के बाद मुख्य आरोपित विजय का वीडियो सोमवार को वायरल हुआ है। जीवा को मारने के लिए उसे नेपाल से असलम ने 20 लाख रुपये की सुपारी दी थी। लखनऊ कोर्ट में कुख्यात अपराधी जीवा को गोली मारने वाले हत्या आरोपित विजय यादव के बयान का वीडियो सामने आया है। इसमें उसने नेपाल के काठमांडू माफिया असलम उर्फ अशरफ को जिम्मेदार ठहराया है।

### सूरजमुखी पर एमएसपी को लेकर किसानों की प्रशासन के साथ बातचीत फेल

## किसानों ने दिल्ली-चंडीगढ़ एनएच किया जाम

**कुरुक्षेत्र:** सूरजमुखी पर एमएसपी को लेकर किसानों की प्रशासन के साथ बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। अब किसानों ने कुरुक्षेत्र में जीटी रोड को जाम कर दिया है। वहीं, किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि हम हाइवे को ब्लॉक नहीं कर रहे हैं, हम तो केवल यहां बैठे हैं। हाइवे जाम करना कोई सही बात नहीं है। उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए ये भी कहा कि भूत और लड़ाई का कुछ नहीं पता कब और कहां मिल जाए। इससे पहले किसानों ने पिपली में महापंचायत की थी। कई



बार कोशिश की गई कि कोई बीच का रास्ता निकाला जाए, लेकिन किसी समाधान तक न पहुंचने की सूरत में किसानों ने सड़क को जाम करने का फैसला किया है। महापंचायत को संबोधित करते हुए किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा सरकार एमएसपी कानून लागू करे और जो किसान नेता सूरजमुखी पर एमएसपी की मांग कर रहे हैं उन्हें रिहा किया जाए। इससे नीचे कोई समझौता नहीं होगा। इससे पहले किसानों और प्रशासन के बीच दो दौर की बैठक में सहमति न बनने पर किसान नेता महापंचायत में शामिल होने के लिए निकले थे। इस दौरान बजरंग पुनिया ने कहा था कि किसान सिर्फ एमएसपी की मांग कर रहा है। सरकार किसानों की हर बात को नजरअंदाज कर देती है।

## उप्र के गांवों की तस्वीर बदलेगा गोबरधन और अपशिष्ट प्रबंधन

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गोबरधन और अपशिष्ट प्रबंधन के जरिए गांवों की तस्वीर बदलने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। राज्य के सभी गांवों में गोबरधन और अपशिष्ट प्रबंधन के जरिए स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ ही आय को बढ़ाने के प्रयासों पर भी बल दिया जा रहा है। इसके लिए गांवों में गोबर व कृषि अपशिष्टों को बायोगैस और स्लरी में परिवर्तित किए जाने की कार्ययोजना का क्रियान्वयन युद्धस्तर पर जारी है। इतना ही नहीं, गांवों में प्लास्टिक समेत अन्य अपशिष्ट प्रबंधन को ।

## पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा ऐतिहासिक होगी



**वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 जून से 24 जून तक संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा करेंगे। उनकी यह यात्रा ऐतिहासिक होगी। पीएम मोदी 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को दूसरी बार संबोधित करेंगे। ऐसा करने वाले वे भारत के पहले प्रधानमंत्री होंगे। उन्हें प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों ने ऐतिहासिक भाषण देने के लिए निमंत्रण दिया है।

**पीएम मोदी की सराहना:** राष्ट्रपति बाइडन और अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पत्र में सात साल पहले पीएम मोदी के अंतिम ऐतिहासिक संबोधन की सराहना की गई, जिसने दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में मदद की। व्हाइट हाउस ने अपने संदेश में इस बात पर जोर दिया कि यह दोनों देशों के गहरे और करीबी गठबंधन की फिर से पुष्टि करने का अवसर है।

**अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने के लिए उत्सुक हूं:ऋ** पीएम मोदी ने कहा कि वह अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए उत्सुक हैं। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने अमेरिका के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों के सिद्धांतों, करीबी लोगों से लोगों के संबंधों और वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए एक दृढ़ प्रतिबद्धता पर स्थापित एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी होने पर गर्व को दोहराया। वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भारत की सराहना करते हुए उन्होंने उल्लेख किया कि कई व्यवसाय और निवेश समूह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए नए निवेश अवसरों के लिए भारत की ओर देख रहे हैं।

## खुदरा महंगाई दर मई में घटकर दो साल के निचले स्तर 4.25 फीसदी पर

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर में फिर गिरावट आई है। मई में खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर घटकर 25 महीने के निचले स्तर 4.25 फीसदी पर आ गई है, जो अप्रैल में 4.7 फीसदी पर रही थी। पिछले साल मई 2022 में खुदरा महंगाई दर 7.04 फीसदी रही थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि खाने-पीने की चीजों के दाम में गिरावट के कारण महंगाई में गिरावट आई है। आंकड़ों के मुताबिक मई में सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर घटकर 4.25 फीसदी रही है। ये लगातार चौथा महीना है, जब खुदरा महंगाई दर में गिरावट आई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर मई में घटकर 2.9 फीसदी रही, जो अप्रैल में 3.84 फीसदी रही थी। खाद्य उत्पादों की सीपीआई इंडेक्स में हिस्सेदारी करीब आधी होती है। इसके साथ ही ईंधन एवं ऊर्जा क्षेत्र की महंगाई भी घटकर 4.64 फीसदी पर आ गई है, जबकि अप्रैल में यह 5.52 फीसदी रही थी।

## सरकार महंगाई से राहत दिलाने का संकल्प कर रही पूरा: गहलोत

**डूंगरपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई से परेशान जनता को महंगाई राहत शिविरों से राहत मिल रही है। इन शिविरों के द्वारा राज्य सरकार जनता को महंगाई से राहत दिलाने के संकल्प को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं पूरे देश में अनूठी है। गहलोत सोमवार को डूंगरपुर जिले के टोकवासा में महंगाई राहत कैम्प का अवलोकन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल ही आयोजित इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना लाभार्थी महोत्सव में सब्सिडी राशि लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के



द्वारा हस्तांतरित की गई। 16 जून को लम्पी रोग से मरने वाले दुधारू पशुओं के लिए पशुपालकों के खातों में 40 हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। राज्य सरकार की योजनाओं से हर वर्ग को राहत मिल रही है।

**आमजन के लिए चलाई जा रही जनहितकारी योजनाएं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न जनहितैषी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पूर्ववर्ती केंद्र सरकार द्वारा दिए गए शिक्षा, सूचना, खाद्य सुरक्षा एवं रोजगार के अधिकार की तर्ज पर राज्य में आमजन को कानून बनाकर स्वास्थ्य का अधिकार दिया गया है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना के तहत 25 लाख रुपए तक का उपचार निशुल्क दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 500 रुपए में गैस सिलेण्डर, 5 लाख रूपए का दुर्घटना बीमा, न्यूनतम 1000 रुपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन, किसानों को 2000 एवं घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट निशुल्क बिजली, अन्नपूर्णा किट, 40 हजार रुपए का पशु बीमा जैसी योजनाओं से आमजन को महंगाई की मार से राहत मिली है।

## गेमिंग ऐप के जरिए धर्मातरण: बद्दो का मिला ट्रांजिट रिमांड

**गाजियाबाद।** मुंबई से रविवार को गिरफ्तार किए गए ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए धर्मांतरण के मामले के मुख्य आरोपित शाहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो को गाजियाबाद पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड पर लेने में सफलता प्राप्त की है। अब उसे महाराष्ट्र के ठाणे से गाजियाबाद लाया जा रहा है। 23 वर्षीय बद्दो का ट्रांजिट रिमांड 15 जून तक ठाणे के कोर्ट ने स्वीकृत किया है। गाजियाबाद पुलिस धर्मांतरण के मामले में उससे गहन पूछताछ करेगी। पुलिस को उम्मीद है की बद्दो से पूछताछ के बाद निश्चित तौर पर ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए नाबालिगों का धर्मपरिवर्तन कराने वाले गिरोह का पदार्फाश होगा और पुलिस इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों तक पहुंचेगी। पुलिस उपायुक्त (सिटी)



खान शहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो

निपुण अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि शहनवाज उर्फ मकसूद उर्फ बद्दो की गिरफ्तारी के लिए गाजियाबाद पुलिस की टीम महाराष्ट्र पहुंची हुई थी। रविवार को महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार किया गया था। आज बद्दो को ठाणे के एक कोर्ट में पेश किया। गाजियाबाद पुलिस ने उसे 15 जून तक का ट्रांजिट रिमांड के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल की। कोर्ट ने बद्दो का ट्रांजिट रिमांड स्वीकृत करते हुए गाजियाबाद पुलिस को सौंपने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि उसे अब गाजियाबाद लाया जा रहा है। जहां उससे विस्तृत पूछताछ की जाएगी। दूसरी ओर धर्मांतरण के मास्टरमाइंड शाहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो से पूछताछ करने के लिए पुलिस ने पूरा होम वर्क कर रखा है। पुलिस सूत्र बताते हैं कि बद्दो से पूछने के लिए सवालों की फेहरिस्त तैयार कर रखी है।

## दिल्ली में बाइक सर्विस पर 'सुप्रीम' रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ओला, उबर और रैपिडो जैसी कैब एग्रीगेटर कंपनियों की बाइक सर्विस फिलहाल नहीं चलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें हाई कोर्ट ने सरकार की इस बारे में पॉलिसी आने तक कैब एग्रीगेटर कंपनियों को बाइक सर्विस की इजाजत दे दी थी। जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन बेंच ने ये आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कैब एग्रीगेटर उबेर की ओर से वरिष्ठ वकील नीरज किशन कौल ने कहा कि कि दोपहिया वाहन चल सकते




हैं। दिल्ली के पास आज तक कोई नीति नहीं है। केंद्र सरकार की अधिसूचना के बावजूद दिल्ली सरकार ने अभी तक इस मामले पर कोई नीति नहीं बनाई। इस पर कोर्ट ने कहा कि आप ऐसे अपने आप योजना नहीं बना सकते और इसे संचालित नहीं कर सकते।

# इफको की फूलपुर इकाई में आयोजित 11वें अंतर इकाई सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ आयोजन





**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** इफको उर्वरक के क्षेत्र में प्रसिद्धि हासिल करने के साथ ही सहकारिता के क्षेत्र में भी विश्व में प्रथम स्थान पर है। इसके अलावा इफको सांस्कृतिक गतिविधियों को भी सामाजिक दायित्वों के तहत बढ़ावा देता रहा है। यह बातें इफको की फूलपुर इकाई में रविवार को आयोजित 11वें अंतर इकाई सांस्कृतिक महोत्सव का उद्घाटन करते हुए इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी ने बतौर मुख्य अतिथि कही।

सपत्नीक समारोह में शामिल इफको के चेयरमैन दिलीप संघानी ने कहा कि इफको देश को बीस प्रतिशत यूरिया उपलब्ध करवा रहा है जिसकी सफलता का श्रेय प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी जी के अथक प्रयासों को जाता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि इफको कांडला इकाई प्रमुख अरुण कुमार शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट जनों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इफको की फूलपुर इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक;इकाई प्रमुखद्ध संजय कुदेशिया ने कहा कि सांस्कृतिक महोत्सव की मेजबानी करना हमारे लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए महाकुंभ है क्योंकि यहां देश के विभिन्न स्थानों में स्थापित इफको की इकाईयों से आये हुए लोग अपनी संस्कृति का प्रतिनिधत्व कर रहे है। सांस्कृतिक महोत्सव के प्रथम दिन कांडला इकाई ने शानदार प्रस्तुति दी। जिसमें एकल गीत, एकल नृत्य, युगल गीत, सामूहिक गीत, सामूहिक नृत्य एवं नाटक शामिल रहा।

विशेष आकर्षण का केंद्र महाभारत की कथा पर आधारित नृत्य एवं युवाशक्ति पर आधारित नाटक रहा जो युवाओं को अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित करता है। इसके अलावा सामूहिक नृत्य में राजस्थान एवं पश्चिम बंगाल की संस्कृति को दिखाया गया। रास दरबार पर आधारित नृत्य पर बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा संतोष कुमार सिंह एवं मलिका यश आस्थाना ने किया। कांडला टीम का नेतृत्व लक्ष्मी महेश्वरी ने किया जबकि स्नेहा, खुशी, सीडी पाठक व अन्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, एमडी मिश्र, ए. पीग्राजेन्द्रन, पीके सिंह, संजय भंडारी, पीके पटेल, रत्नेश कुमार, डॉ अनीता मिश्रा, अरूण कुमार, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव एवं बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन के तहत प्रधानों को दिया गया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** करछना विकास खंड के सभागार में सोमवार को आयोजित जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत विकासखंड के प्रधानों को जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी एवं एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा द्वारा उद्घाटन कर?? मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रशिक्षण की शुरूआत की इस मौके पर जल जीवन मिशन जिला सहायक शिवाकांत द्विवेदी ने प्रधानों को बताया कि सन 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यह योजना लाई गई जिसे दूरदराज के गांव में सभी वर्ग के घर के लोगों के यहां घरों में हर घर जल योजना का लाभ मिल सके जिसके लिए गांव में इस योजना के अंतर्गत प्रधानों की एक अहम भूमिका है जिसके लिए गांव में सभी ग्राम वासियों को पेयजल मुहैया कराने





के लिए इस योजना के अंतर्गत सभी घरों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए योजना कारगर साबित होगी उन्होंने बताया कि इसके लिए सरकार प्रधानों एवं इस कार्य में लगे लोगों को प्रोत्साहित भी करेगी प्रशिक्षण के दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रधानों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इस मौके पर प्रधान शिव गणेश पटेल, राजकुमार पटेल, बनवारी लाल पटेल, बड़े लाल पटेल, प्रतिनिधि ग्राम पंचायत कबरा चंद्र प्रकाश तिवारी, परमानंद मौर्य, एवं आधा दर्जन गांवों के प्रधान प्रतिनिधि उपस्थित रहे

# हरियाणा किसानों पर लाठीचार्ज की निंदा

**अखंड भारत संदेश**

**कौधियारा।** आज संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर एआईकेएमएस के प्रतिनिधि मंडल ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित मांगपत्र प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी जसरा श्री राजेश कुमार शर्मा सौंपा। हरियाणा में सूरजमुखी फसल की सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य ?6500 की जगह रू 4000 की बिक्री को एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की मांग को लेकर आंदोलनरतए किसानों पर सरकार ने बर्बर लाठीचार्ज किया तथा दर्जनों किसानों को जेल भेजा। लाठीचार्ज की निंदा करते हुए किसानों को बिना शर्त रिहा करे।

ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण कार्यालय के सामने 23 अप्रैल से किसान भूमि अधिग्रहण के बाद किसानों को 10ः विकसित भूमि का प्लाट देने वाला समझौता पूर्व में हुआ था जिसको उच्च न्यायालय इलाहाबाद में पेश कर न्यायालय का आदेश हो चुका था। लेकिन प्राधिकरण ने मात्र 6ः विकसित प्लाट दिया है। किसान पूरा 10ः प्लाट दिए जाने की मांग कर रहे थे। भूमिहीनों को 40 वर्गमीटर का प्लाट दिए जानेए बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने आदि मांगों को पूरा करने के बजाय प्राधिकरण आंदोलनरत 33 किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैए जिन्हें रिहा करे। इसी प्रकार जिला आजमगढ़ व बनारस में भी किसानोंपर दमन किया गया है तथा उनकी जायज मांगो पर सरकार विचार नहीं कर रही है। मांग की गयी गिरफ्तार किसानों को रिहा किया जाय, किसानों की जनहित की मांगों को पूरा कराया जा, भूमिअधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार किसानों की सहमति के बिना गैर कानूनी ढंग से किये जा रहेअधिग्रहण को रोका जाये, एआईकेएमएस प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष रामकैलाश कुशवाहा, रामतीरथ पटेल, सुरेन्द्र पटेल, रमेश कुशवाहा, हीरालाल, मकबूल एराकेश, पवन एटीएन पटेल आदि उपस्थित रहे।

## विवाहिता जेवरात समेट कर अज्ञात प्रेमी के साथ फरार मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** शादी के बाद पति पत्नी को लेकर गुजरात गया जहां वह अपने अज्ञात प्रेमी के साथ जेवरात लेकर फरार हो गई। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम देवापुर निवासी एक व्यक्ति की शादी सात माह नवाबगंज के ग्राम रेरुआ महेशगंज निवासी के यहां एक युवती के साथ हुई थी। युवक का आरोप है कि उसकी पत्नी जब उसके साथ गुजरात गयी तो वहां अज्ञात युवक से मोबाइल से बातें करती थीं। घर का सारा जेवर समेट कर विवाहिता अपने अज्ञात प्रेमी के साथ फरार हो गई।

## बंधक बनाकर यूवक मारते पीटते हुए गांव में घूमाया गया नौ के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के हटिया गवा में एक युवक से पुरानी रंजिश को लेकर बंधक बनाकर मारते पीटते हुए घूमाया गया। युवक ने थाने में तहरीर दे कर नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा के हटिया गांव निवासी रोहित कुमार पुत्र ओमप्रकाश का आरोप है कि रंजिशन उसके विपक्षी उसे बांध कर मारते पीटते हुए गाँव में घुमाए। और जान से मारने की धमकी दिए। रोहित कुमार ने मऊआइमा थाने में धर्मेंद्रए नीरज एकरन एमंजीत एशिवम एआशीश एप्रदीप एदीपक एमनोज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ चेयरमैन ने सड़क व नाली का किया निरीक्षण

## मनमाने तरीके से सड़क व नाली निर्माण को लेकर चेयरमैन ने जताई थी नाराजगी

**अखंड भारत संदेश**

रत्योरा/प्रयागराज। नगर पंचायत कोरांव में मनमाने तरीके से हो रहे सड़क और नाले के निर्माण के सम्बंध में एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर से चेयरमैन ओमप्रकाश केशरी ने शिकायत दर्ज कराई थी।

सोमवार को एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर दिनेश पटेल ने नगर पंचायत कोरांव में पहुंचकर चेयरमैन के साथ निमार्णाधीन सड़क व नाली का निरीक्षण किया। चेयरमैन के द्वारा पूर्व में निर्मित कराए गए नाले को भी दिखाया गया और यह बताया गया कि वर्तमान में जो नाले का निर्माण कार्य चल रहा है इससे सड़क और संकरी हो जाएगी और दुर्घटनाएं अधिक होगी। जिसका संज्ञान लेते



हुए एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर दिनेश पटेल ने चेयरमैन ओमप्रकाश केसरी के निदेर्शानुसार पूर्व में निर्मित कराए गए नाले के आधार पर ही अब आगे नाले का निर्माण कार्य कराने की सहमति जताई। प्रोजेक्ट मैनेजर को नगर पंचायत द्वारा पूर्व में बनाए गए नालों को दिखाया गया और उनको बताया गया कि उनके द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण से बाजार की सड़क और संकरी हो जायेगी जिससे जाम की स्थिति और भी भयावह हो सकती है। चेयरमैन कोरांव द्वारा एन एच ए आई के उच्चाधिकारियों से फोन पर वार्ता हुई। जिसमें उच्चाधिकारियों को यथास्थिति से अवगत कराया गया। प्रोजेक्ट मैनेजर को सड़क और नाले का दिखाकर उच्चाधिकारियों को यह बताया गया की जिस स्थिति में नाली है उसमें बिना तोड़ फोड़ के उक्त नाली को सड़क का किनारा मानते हुए सड़क का निर्माण किया जाएगा। चेयरमैन की बात से अधिकारी संतुष्ट हुए और उसी मानक के अनुरूप सड़क बनाने पर सहमति बनी। इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर दिनेश पटेलए ठेकेदार, सभासदगणों में राजकुमार केशरी, मुस्तफा गांधी, सभासद प्रतिनिधि निशांत केशरी, विजय जायसवाल और व्यापारी राजेश केशरी नेता, गोपाल जी, अनूप केशरी, बबलू केशरी, प्रदीप केशरी, मंगला, राकेश, संतलाल जायसवाल, शमसाद खान विनय चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिससे चलती पीढ़ी है

## शुआट्स में मूलभूत साक्षरता व न्यूमेरसी पर लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एनसीटीई के सुझाव के अनुसार टीईआई के लिए जनभागीदारी गतिविधियों के तहत भारत की जी20 अध्यक्षता के उपलक्ष्य में शुआट्स में मूलभूत साक्षरता व न्यूमेरसी पर लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें डिपार्टमेन्ट आफ टीचर एजूकेशन की छात्राओं ने साक्षारता एवं अंकज्ञान पर विभिन्न स्लोगन प्रस्तुत किये।

विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट डीन डाण सामला मसीह ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य साक्षरता व न्यूमेरसी को बढ़ावा



देना और सभी हितधारकों को शामिल करके जागरूकता बढ़ाना है। जनभागीदारी कार्यक्रम मिश्रित शिक्षा पर ध्यान देने के साथ जी.20 प्रेसीडेंसी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, एनईपी 2020 और फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी , एफएलएन के बारे में गर्व की भावना भी पैदा करती है।

प्रतियोगिता में छात्राओं अत्यन्त उत्साहवर्धक स्लोगन प्रस्तुत किये जिसमें शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिससे चलती पीढ़ी है। हर बच्चे का नारा है शिक्षा अधिकार हमारा है। साक्षरता ही है श्रृंगार हमारा, वरना व्यर्थ है जीवन सांरा, यू मस्ट रीड इन आर्डर टू सक्सेस आदि प्रमुख थे। प्रतियोगिता में एडना वैशाली सेठ ने प्रथम तथा केण्एमण मोनिका व जैनब सिद्दीकी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि बेनिसन मरांडी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में इस अवसर पर डा कीर्ति कटिंग, डा. ज्योत्सना, डा. निहारिका डेनिस, डा सारा अजीज, डा. अनुपमा मेहता, डा एविस चिंतामणि, डा . प्रेम प्रभा सिंह, डा संगीता अल्फ्रेड, डा प्रक्षोभ, पूजा सोनपाकर, डा . राजीव आदि उपस्थित रहे।

## राजस्व कर्मियों की मिली भगत से भूमिधरी जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप

**कोराव/प्रयागराज।** तहसील कोरांव के ग्राम ताराव में तहसील कर्मियों की मिली भगत से भूमि धरी काश्तकार की जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप शिवाकांत पांडे नामक कृषक ने लगाया हैं और तहसील तथा पुलिस प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप किए जाने की मांग की है। शिवाकांत पांडे पुत्र शंकर लाल ने आरोप लगाया है की एसडीएम के आदेश के बावजूद भी विपक्षी भू अतिचारी गण जबरदस्ती मेरी भूमि में निर्माण कार्य कर रहे हैं। जिसे एसडीएम कोरांव से तत्काल रोकवाने की मांग की है साथ ही उच्च स्तरीय अधिकारियों को भी अवगत कराते हुए निर्माण कार्य रुकवाने तथा दोषी कर्मचारी और उनके सहयोगी सरहंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है।

# मामा भांजा तालाब चौराहे पर शव रखकर परिजनों ने लगाया जाम

## मुआवजा और गिरफ्तारी की मांग पर अड़े, एक दिन पहले दूल्हे की हुई थी मौत





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी में 11 मई की शाम को प्राइवेट बस की चपेट में आने से जान गंवाने वाले दूल्हे कमलेश निषाद का शव को परिजनों ने चौराहे पर रखकर चक्का जाम कर दिया। नाराज लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और मृतक के परिवार वालों को मुआवजा दिए जाने की मांग करने लगे। एसीपी करछना ने गिरफ्तारी के लिए 24 घंटे का समय मांगा है। मुआवजा दिलाने का भी आश्वासन दिया। तब जाकर परिवार के लोग माने। करीब एक घंटे बाद रीवा राजमार्ग पर लगा जाम खत्म हुआ। परिवार के लोग कमलेश के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए चलेगए। घूरपुर थाना अंतर्गत बोंगा बसवार गांव निवासी जोखू लाल निषाद मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनकी पत्नी की 5 साल पहले मौत हो चुकी है। उनके तीन बेटे हैं। दो बेटों बबलू और रामभवन की पहले शादी विवाह हो चुकी है।सबसे छोटा बेटा कमलेश निषाद ;23द्ध तमिलनाडु की एक कंपनी में नौकरी करता था। एक महीने पहले वहघर आया था। घर अने के बाद पिता ने उसकी शादी पिपराहटाए डीहाए करछना में तय कर दी थी 9 जून को उसका तिलकोत्सव गांव वाले घर पर हुआ था। आज 11 जून को बारात जानी थी। पूरा परिवार बारात की तैयारी में जुटा हुआ था। दोपहर हो चुकीं थी। बाजा वाले आ चूके थे। बाराती भी आ रहे थे। घर पर मेहमानों का मजमा लगा हुआ था। इसी बीच कमलेश निषाद मोटरसाइकिल लेकर मामा भांजा तालाबए नैनी में कुछ सामान खरीदने के लिए चला गया रीवा हाईवे के एक किनारे मोटरसाइकिल खड़ी करके रोड क्रॉस कर रहा था। तभी प्रयागराज की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार बस की चर्पेट में आकर कुचल गया। गंभीर रूप से घायल कमलेश को पिकअप से लेकर स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नैनी पुलिस ने शव का पंचायत नामा करके पोस्टमॉर्टम हाउस भैज दिया था। घटनास्थल के बाद भाग रही बस को दाडी के पास से बरामद कर लिया गया था। ड्राइवर मौके से भाग गया था। सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव लेकर चीर घर से लेकर सीधे मामा भांजा तालाब चौराहे पर पहुंचे। वहा रीवा राजमार्ग पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। परिवार को मुआवजा दिए जाने की मांग एसीपी अजीत सिंह चौहान ने बताया कि परिवार के लोग मुआवजा और ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। दोनों मांगों को मान लिया गया है। गिरफ्तारी और आपदा राहत कोष से मृतक के परिवार को मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया गया है। जाम खत्म हो गया है। रीवा राजमार्ग पर आवाजाही सुचारु रूप से शुरू हो गई है।

## उच्च न्यायालय ने डीपीआरओ पर लगाया अर्थदंड

**सुभाष गांव के निलंबित ग्राम प्रधान को मिली जीत, हुए बहाल**

**रत्योरा /प्रयागराज।** विकासखंड मेजा के सुभाष गांव के ग्राम प्रधान रविंद्र जैसल पर धन गबन करने व विकास कार्यो में अनियमितता की शिकायत गांव के ही अनुभव प्रकाश संत पुत्र हरिशंकर ने की थी। जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी प्रयागराज ने ग्राम प्रधान को निलंबित कर दिया था। ग्राम प्रधान ने उत्तर प्रदेश सरकार व डीएमए सीडीओए डीपीआरओ प्रयागराज को उच्च न्यायालय में पार्टी बनाते हुए याचिका दाखिल की गई। न्यायालय में सुनवाई के बाद ग्राम प्रधान को न्यायालय ने बहाल करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी प्रयागराज पर ?5000 का अर्थदंड लगाया है।

# बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने से चार परिवार के घर जला

**अखंड भारत संदेश**

**लेडियारी/प्रयागराज।** खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरी जिरोहा गांव में हरिजन बस्ती में आग लगने से चार परिवार के आशियाने जल कर हुए राख ग्रामीणों के भरपूर सहयोग से आग पर नियंत्रण पाया गया थोड़ी देर बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच कर पशुओं के लिए रक्खे गये प्वाल की कुटी पर काबू पाने में सफल हो गए तो पास परोस के लोगों के घरों में आग बढ़ने में काबू पाऐ लेकिन चार परिवार के लोगों के तन पर कपड़े के अलावा कुछ नहीं बच पाया ग्रामीणों के भरपूर सहयोग से तीन घरों में रखे गैस सिलेंडर को निकालने में सफल रहे ग्रामीणों का कहना है गैस सिलेंडर आग में तब्दील होता आज पास परोस के लोगों का घर नहीं बचा होता आंग के हवाले हो जाता। चार परिवार में

अवधनारायण, पुत्र हिंन्छ लाल, हरिश चन्द, शिव चन्द्र, अजय कुमार पुत्र गण अवधनारायण हरिजन का सारा सामान गृहस्ती जल कर खाक हो गई। गांव के काफी मशक्कत की जिससे आंग पर काबू पाया गया मुख्य रूप हरिप्रसाद द्रिवेदी, सरपंच शुक्ला बबलेश तिवारी अवधेश तिवारी हरिशंकर मिश्रा देवीदीन हरिजन विनोद शर्मा काफी लोगों द्वारा काफी मशक्कत की जिससे और घरों को बचाया गया। समाचार लिखे जाने तक क्षेत्रीय लेखपाल सन्तोष कुमार बिन्द मौके पर पहुंचे थे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, एक ही परिवार के चार लोगों की गृहस्थी जलकर हुई राख

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/प्रयागराज।** खीरी थाना क्षेत्र के सेमरी जिरौहां गांव के तिवारीपुर मजरे में सोमवार को ठीक दोपहरी में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से एक ही परिवार के 4 लोगों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। जानकारी के मुताबिक अवध नारायण पुत्र हिंछलाल के तीन बेटे क्रमशः हरिश्चंद्रए शिवचंद्र व अजय कुमार तीनों अलग अलग रह कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। सोमवार को ठीक दोपहरी में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से पिता समेत तीनों बेटों का घर जलकर राख हो गया। तेज हवा होने के कारण ग्रामीण बेकाबू आग पर काबू नहीं पा सके। सूचना पाकर पहुंचे फायर कर्मियों ने आग बुझाई। पीड़ित अवध नारायण ने बताया कि मेरे तीनों बेटों समेत मेरे घर के अंदर रखा अनाज भूसा उपली कपड़े इत्यादि जलकर



राख हो गए। खाने के लिए भी एक दाने नहीं बचे हैं। आग लगने की सूचना पर खीरी पुलिस व हल्का लेखपाल मौके पर पहुंच कर आग लगने से हुए नुकसान का आकलन किया और रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपने की बात कही। आग लगने से एक साथ एक ही परिवार के 4 लोगों की गृहस्थी जल जाने से परिवार में मायूसी छाई रही। आग लगने के इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घर के अंदर रखे पूरे सामान जलकर राख हो गए हैं। कोई भी सामान बचाने व निकालने की मोहलत नहीं मिली।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में एक की मौत, 6 घायल

**प्रयागराज।** हंडिया कोतवाली के बरौत फ्लाई ओवर पर कार और ट्रैक्टर में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे एक युवक की मौत हो गई। जबकि 6 लोग घायल हो गए ' घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊपरदहा भेजा गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।हैदराबाद से एक ही कार पर सवार होकर 5 लोग प्रयागराज लौट रहे थे। जैसे ही वह बरौत फ्लाई ओवर पर पहुंचे कि उनके सामने एक ट्रैक्टर जा रहा था। तभी कार चालक अनियंत्रित हो गया और ट्रैक्टर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और ट्रैक्टर चालक डोमन घुईयां पुत्र जागो घुईया निवासी ग्राम देवचंद थाना भदवा जिला गया बिहार असंतुलित होकर ट्रैक्टर के सामने गिर गया। जिससे ट्रैक्टर का पहिया उसके शरीर पर चढ़ने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार सवार 5 लोग और मृतक ट्रैक्टर चालक का साथी राजेश घुइयां गंभीर रूप से घायल हो गए ' शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक डोमन घुइयां के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां से उन्हें स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया गया है।

# महिला बैंक मैनेजर के बेटे-बहू समेत चार मौतों परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, वाराणसी में हुआ हादसा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट के युवा अधिवक्ता पवन प्रकाश शुक्ला और उनकी पत्नी नेहा समेत चार मौतों के बाद रविवार की रात ऊंचवागढ़ी में कोहराम मच गया। पवन अपनी मां मिथिलेश शुक्ला से कहकर घर से निकले थे कि साले-सरहज को मां विंध्यवासिनी और बाबा विश्वनाथ का दर्शन कराकर जल्द ही पत्नी, बच्चों के साथ घर लौट आएंगे, लेकिन माता-पिता को क्या पता था कि वह कभी लौटकर न आने के लिए जा रहे थे।बेटे-बहू की मौत पर रोते-रोते दोनों की आंखें पथरा सी गईं। ऊंचवागढ़ी निवासी गौरीशंकर शुक्ला के दो पुत्र और दो पुत्रियों को मिलकर चार संतानों में पवन प्रकाश सबसे बड़े थे। पवन एक दिन पहले ही अपनी पत्नी नेहा और पुत्रों बेटे अहान (5) व विहान (3) के साथ फूलपुर स्थित अपनी ससुराल रामगढ़ कोठारी गए थे। उनके साले अनुपम मिश्रा की बीती 10 मई को सैदाबाद के पास शादी हुई थी।शादी के बाद ससुरालवालों ने नए जोड़े को मां विंध्यवासिनी और बाबा विश्वनाथ के दर्शन की मनौती मानी थी। इसके लिए उन्होंने पवन और नेहा को सास ज्योति मिश्रा ने बुलवाया था। पवन साले-सलहज की इसी मनौती को पूरा कराने के लिए ससुराल गए थे। पवन के पड़ोसी अक्षत तिवारी ने बताया कि वह बहुत ही मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के थे। एक दिन पहले ही जब वह घर से पत्नी, बच्चों के साथ ससुराल जा रहे थे, तब जल्द ही वापसी का उन्होंने वादा किया था, लेकिन ईश्वर को शायद कुछ और ही मंजूर था।अक्षत के मुताबिक दोपहर बाद तक परिजनों और मोहल्ले वालों को इस हादसे के बारे में कुछ पता नहीं था। परिजन भी रोजमर्रा के कार्यों में व्यस्त थे, लेकिन जब बनारस में हुए हादसे की जानकारी मिली तब चीखपुकार मच गई। पवन के छोटे भाई आशीष अपने मित्रों और रिश्तेदारों के साथ तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।हादसे में पवन उनकी सास और सास की मां के बाद उनकी पत्नी नेहा (30) की भी प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में देर रात मौत हो गई। चिकित्सकों के मुताबिक पवन के बेटे अहान (5) की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि, छोटे पुत्र विहान (3) को होश आ गया है। उनके साले अनुपम और सलहज पूजा को भी देर रात होश आ गया। सभी चार घायलों को आईसीयू में रखा गया है। रात को फूलपुर के अलावा ऊंचवागढ़ी से परिजनों के अलावा रिश्तेदारों और पड़ोसियों का अस्पताल में पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।



### बहू की मौत की नहीं दी गई जानकारी, महिला बैंक अफसर का रो-रो कर बुरा हाल

पवन की मां मिथिलेश शुक्ला कटरा स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा सहायक प्रबंधक के पद पर तैनात हैं। पुत्र की हादसे में मौत की खबर सुनकर वह गश खाकर गिर पड़ीं। किसी तरह उन्हें संभाला जाता रहा। वह अस्पताल में अपने बेटे, बहू और पोतों के लिए तड़पती रहीं। अस्पताल में उपचार के दौरान बहू नेहा की मौत की जानकारी उनको नहीं दी गई। परिजनों ने उनको रात को ऊंचवागढ़ी स्थित घर पहुंचा दिया, जहां वह अकेले बिलखती रहीं।

# बरात देखकर लौट रही किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, बेहोश होने पर भागे तीनों आरोपी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के एक गांव में बारात देख कर लौट रही किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि देर रात घर लौटते समय एकांत स्थान पर बाइक सवार गांव के ही तीन युवकों ने उसे दबोच लिया। मुंह में कपड़ा ठूंसकर झाड़ियों के पीछे ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। किशोरी के बेहोश होने पर तीनों आरोपी भाग निकले। देर रात होश आने पर घर पहुंची किशोरी ने परिजनों को आपबीती बताई तो वह सन्न रह गए। सुबह थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।हंडिया इलाके की एक युवती कक्षा 11 की छात्रा है। गांव में रविवार की रात एक बरात आई थी। किशोरी बरात देखने के लिए गई थी और रात में घर लौट रही थी। आरोपी है कि रास्ते में सूनसान स्थान पर घात लगाकर बैठे गांव के तीन युवकों आकाश यादव, राज यादव और अवधेश यादव ने उसे दबोच लिया। चिल्लाने पर आरोपियों ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद पास के झाड़ियों में ले जाकर मनमानी की।किशोरी के बेहोश होने पर तीनों आरोपी वहां से भाग निकले। देर रात किशोरी को होश आया तो वह बदहवास हालत में घर पहुंची। परिजनों को घटना की जानकारी दी तो वह सन्न रह गए। सुबह घर वालों के साथ हंडिया थाने पहुंचकर थाने में तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# एक दिवसीय सम्मेलन शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यशाला सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कैबिनेट मंत्री, मत्स्य विभाग, उ0प्र0 डा0 संजय कुमार निषाद की अध्यक्षता में सोमवार को प्रयाग संगीत समिति, साउथ मलाका शाखा में मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन/शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये मंत्री दवारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं में चयनित लाभार्थियों को अनुदान वितरण कर अनुदान प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड योजनान्तर्गत बैंकों द्वारा स्वीकृत ऋण प्रमाण पत्र तथा मछुआ दुर्घटना बीमा से आच्छादित लाभार्थियों का बीमा प्रमाण पत्र अपने करकमलों से वितरित किया। मंत्री द्वारा कार्यक्रम में आये सम्मानित मत्स्य पालकों एवं मत्स्य गतिविधियों से जुड़े लोगों को धन्यवाद देते हुये मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं से तथा सरकार द्वारा उनके विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। विजयपाल, उप निदेशक मत्स्य, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज द्वारा विभागीय पोर्टल पर 15.06.2023 तक आवेदन किये जाने संबंधी प्रक्रिया के बारे में विस्तार में मत्स्य पालकों एवं मत्स्य गतिविधियों से जुड़े लोगों को अवगत कराया गया तथा अधिक-अधिक से आवेदन प्राप्त हों हेतु योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इरफानुल्लाह खान, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, प्रयागराज द्वारा विभागीय पोर्टल ँ३३स्त्र२://ज्ञ्रीश्ी२.४स्त्र.ङ्ग५.ल्ल पर आवेदन करने से पूर्व वांछित अभिलेखों की उपलब्धता तथा बरती जाने वाली सावधानियों से मत्स्य पालकों एवं मत्स्य गतिविधियों से जुड़े लोगों को अवगत कराया गया तथा लोगों को मत्स्य विभाग की योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु प्रोत्साहित कर अधिक-अधिक से आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उप निदेशक मत्स्य एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य विभाग प्रयागराज द्वारा परियोजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधी वांछित जानकारियों आये हुये लोगों को मौके पर प्रदान की गयीं तथा उसके निवारण हेतु उप निदेशक मत्स्य, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज एवं कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य विभाग, विकास भवन, प्रयागराज से संपर्क करनें हेतु अवगत कराते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया।




### गश खाकर रास्ते में गिरा युवक, मौत

**प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र का युवक बाजार से पैदल घर लौट रहा था। अचानक गश खाकर रास्ते में जमीन पर गिर गया। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर रोते बिलखते पहुंचे परिजन शव घर ले गए।मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया पुलिस चौकी के बरहा कला (गड़रान बस्ती) निवासी संतोष यादव (25) पुत्र प्रेमशंकर यादव सोमवार दोपहर एक बजे के आसपास घर से बाजार घरेलू सामान खरीदने पैदल निकला था। खरीदारी के बाद अभी वह गांव के ताल में पहुंचा था। तभी कड़कड़ाती धूप में युवक गश खाकर जमीन पर गिर गया। आसपास के लोग उसके पास पहुंचे। लेकिन तब तक युवक की मौत हो गई थी। घटना की जानकारी पर घर मे कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पहुंचे। परिजनों द्वारा शव को घर लाया गया। शव घर पहुंचते ही मृतक की पत्नी बनीता देवी व तीन बच्चों समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अचानक हुई इस घटना से ग्रामीण सहम उठे हैं। मृतक युवक घर पर रहकर खेती किसानी करता था। ग्राम प्रधान प्रीति यादव, गुड्डू, धीरज, शिवधारी यादव सहित तमाम लोगों ने घटना पर शोक व्यक्त किया है।

# कुम्भ संग्रहालय के साथ प्रयागराज में बनेगा वैदिक पार्क- गणेश केशरवानी

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** त्रिवेणीपुरम ग्राउंड में रविवार शाम विजय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। आयोजक मुन्ना पंडित व मनोज जिगिना ने मेयर गणेश केशरवानी को फरसा, भगवान गणेश की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। गणेश केशरवानी ने कहा कि प्रयागराज में आने वाले दुनिया भर के लोग हमारी संस्कृति व कुम्भ की महिमा को जान सके इसके लिए जल्द ही वैदिक पार्क व कुम्भ संग्रहालय का निर्माण होगा। उन्होंने ने कहा कि प्रयागराज में जो अनादि काल से कुंभ हो रहा है उसके बारे में कोई जानना चाहे तो वह सारी जानकारी कुंभ संग्रहालय में पायेगा। साथ ही वैदिक काल मे हमारा जो जीवन दर्शन था हमारे जीवन जीने की कला प्रकृति प्रेम पशु, पक्षी, नदी, लताब, कुँआ, वनस्पति को पूजने की परंपरा जो सनातनी समाज मे है इस सभी को संरक्षित करने का हमारा संकल्प है। वैदिक काल मे हमारा जो जीवन था जो भी आसानी से जानना चाहता है वह वेद को पढ़ने के बाद भी नही जान पाता वैदिक काल मे जो जीवन जीने की कला थी उसको प्रदर्शित करते हुए वैदिक पार्क का भी निर्माण प्रयागराज में होगा। यह पार्क लोगो को सनातनी संस्कृति से जोड़ने का काम करेगा। जिसके लिए अधिकारियों को एक्सपर्ट के माध्यम से डिजाइन तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर हाकी कोच विजय सिंह के साथ उपस्थित खिलाड़ियों ने खेल ग्राउंड की मांग की। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक हंडिया प्रशांत सिंह को राजेश मिश्रा ने तलवार भेट की। गंगापार जिलाध्यक्ष अश्वनी दुबे, पार्षद छतनाग शिवनरायन यादव घुंनु, पार्षद गुलफिरोज, राजीव पाठक, अमर सिंह, गोपी नाथ स्वर्णकार, डब्बू दुबे, उत्तम तिवारी, राजीव राणा, आत्माधर, दिलीप निषाद, नीलम गिरी, प्रिया, प्रजापति, योगेश मिश्रा, राजेश्वर मिश्रा आदि रहे।



# बेटी को बंदी बनाने की पिता के खिलाफ मां की याचिका खारिज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मां की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी को पिता ने बंदी बनाकर रखा है। मां ने कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल कर बेटी को पिता के कब्जे से मुक्त कराने की गुहार लगाई थी। इस मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में बच्चों का सर्वोत्तम संरक्षक सिर्फ पारिवारिक न्यायालय ही तय कर सकता है। यह मामला गाजियाबाद का है।यह आदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र ने दिया। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने कहा कि समान अनुतोष के लिए वाद पारिवारिक न्यायालय में लंबित रहने के दौरान भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के अंतर्गत उच्च न्यायालय में पोषणीय नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा कि बिना मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्यों के विस्तृत विश्लेषण के यह तय नहीं किया जा सकता कि बच्चे का भविष्य किसके हाथ में बेहतर होगा।यह तय करना पारिवारिक न्यायालय का क्षेत्राधिकार है। पिता के साथ रह रही नाबालिग बेटी की कस्टडी प्राप्त करने के लिए मां की ओर से पिता के खिलाफ बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की गई थी। याची मां के अधिवक्ता मनीष कुमार त्रिपाठी का कहना था कि मां नाबालिग बेटी की प्राकृतिक संरक्षक है, इसलिए उसे नाबालिग बेटी की कस्टडी प्राप्त करने का अधिकार है।अपर शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 के अंतर्गत समान अनुतोष के लिए वाद पारिवारिक न्यायालय के समक्ष लंबित है। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने वैकल्पिक उपचार के अंतर्गत सामान अनुतोष के लिए दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को खारिज कर दिया और स्पष्ट किया कि नाबालिग का संरक्षण उसी के हाथ में दिया जा सकता है जो बच्चे के लिए सर्वोत्तम कल्याणकारी हो। यह तय करने के लिए पारिवारिक न्यायालय का गठन किया गया है।

# करोड़ों खर्च फिर भी नलकूप वर्कशॉप की दशा दयनीय!

## लू में बाहर बैठ रहे कर्मचारी, वर्कशॉप का परिसर खंडहर में तब्दील



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मेजा में करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी कठौली मेजारोड स्थित नलकूप का वर्कशॉप सुधर नहीं सका। पांच वर्ष पूर्व करोड़ों की लागत से अधिकारियों के लिए बनवाए गए आवास जर्जर हो गए। दीवारों में दरारें पड़ गई। नलकूप कालोनी परिसर में जंगल झाड़ियां उगी पड़ी हैं। दिन के समय तो नलकूप विभाग के जिलेदार सहित अन्य कर्मचारी कार्यालय में बैठते हैं। रात के समय कोई कर्मचारी मौजूद नहीं रहता। किसी कर्मचारी के मौजूद न होने से नलकूप वर्कशॉप कार्यशाला लावारिस हो जाता है। अपराधी किस्म के लोग एकान्त स्थान पाकर रात भर समय बिताते हैं।एक दशक पहले नलकूप वर्कशॉप में पहुंचे आधा दर्जन बदमाशों ने वर्कशाप की रखवाली करने वाले कर्मचारियों को बंधक बनाकर जमकर पीटा था। कीमती सामान उठा ले गए थे, उसी दिन से नलकूप विभाग के इंजीनियरों ने नलकूप वर्कशॉप को बंद करवा दिया। वर्कशॉप में पाइप की चूड़ी पेराई का काम अब शहर में होने लगा। किसानों की पहल पर सपा विधायक रहे गिरीश चन्द पांडेय ने शासन में वर्कशॉप की दयनीय हालत सुधारे जाने की मांग उठाई तो करोड़ों रुपये स्वीकृत हुए।

### हैंडपंप का सामान उठा ले गए थे चोर

शासन से मिला यह धन विभागीय इंजीनियरों व ठेकेदारों की भेंट चढ़ गया। ठेकेदारों ने जो भी काम करवाया। पुरानी दीवार तोड़ कर नया काम दिखा दिया। कठौली से शहर गया वर्कशॉप आज तक नलकूप वर्कशॉप मेजारोड नहीं लौट सका। अब खराब पड़े नलकूपों की चूड़ी पेराई सहित अन्य कार्य शहर में होते हैं। खराब पड़े नलकूपों की हालत सुधारने में महीनों का समय गुजर जाता है। जिससे किसानों का भारी नुकसान हो जाता है। वर्कशॉप के पास दो हैंडपंप विभाग से लगाए गए थे। जिसका सामान चोर उठा ले गए। अब पेयजल का कोई साधन नहीं रह गया है।

# दस साल में सिर्फ यह बता सका आयोग, किस फॉन्ट में होगी परीक्षा

**प्रयागराज।** सचिवालय और अन्य विभागों में अपर निजी सचिव (एपीएस) भर्ती के लिए दस वर्षों से कोई विज्ञापन नहीं आया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से भी दस वर्षों में सिर्फ यह जानकारी दी जा सकी है कि आगामी भर्ती परीक्षा किस फॉन्ट में होगी, यह स्पष्ट नहीं किया गया कि परीक्षा कब होगी।यूपीपीएससी के पास वर्ष 2017-18 से एपीएस के रिक्त पदों का अधियाचन पड़ा है। रिक्त पदों की संख्या भी बढ़कर तीन सौ के पार हो गई है, लेकिन इन पदों पर भर्ती का कोई अतापता नहीं। आयोग ने पिछले दिनों एक विज्ञप्ति जारी की, जिसमें सिर्फ यह बताया कि आगामी भर्ती में आशुलिपि कौशल एवं टंकण परीक्षा में कृतिदेव के साथ मंगल फॉन्ट का विकल्प भी दिया जाएगा, लेकिन आयोग ने यह स्पष्ट नहीं किया कि अगली भर्ती कब शुरू होगी।इससे पूर्व आयोग ने वर्ष 2013 में एपीएस के 176 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। इसकी लिखित परीक्षा और टाइप एवं शॉर्टहैंड परीक्षा का परिणाम भी आ चुका था, लेकिन आयोग ने ही बाद में विज्ञापन को सेवा नियमावली के विपरीत मानते हुए परीक्षा निरस्त कर दी थी और पुनर्परीक्षा कराने का निर्णय लिया था। मामला अब कोर्ट में है और पुनर्परीक्षा अभी नहीं कराई जा सकी है। एपीएस-2013 में शामिल हुए ज्यादातर अभ्यर्थी दस वर्षों तक नई भर्ती के इंतजार में ओवरएज हो चुके हैं। इन अभ्यर्थियों की ओर से आयोग में कई बार ज्ञापन देकर मांग की जा चुकी है कि एपीएस की नई भर्ती का विज्ञापन शीघ्र जारी किया जाए और इसमें ओवरएज हो चुके अभ्यर्थियों को भी शामिल होने का मौका दिया जाए।एपीएस-2013 में शामिल हुए ज्यादातर अभ्यर्थी दस वर्षों तक नई भर्ती के इंतजार में ओवरएज हो चुके हैं। इन अभ्यर्थियों की ओर से आयोग में कई बार ज्ञापन देकर मांग की जा चुकी है कि एपीएस की नई भर्ती का विज्ञापन शीघ्र जारी किया जाए और इसमें ओवरएज हो चुके अभ्यर्थियों को भी शामिल होने का मौका दिया जाए। अभ्यर्थियों का कहना है कि ज्यादातर भर्तियों में लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के आधार पर चयन हो जाता है, लेकिन एपीएस की भर्ती में टाइप और शॉर्टहैंड की अलग से तैयारी करनी होती है। अभ्यर्थी इसी परीक्षा के लिए अलग से तैयारी करते हैं। ऐसे में दस वर्षों तक नई भर्ती न होने से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी ओवरएज हो चुके हैं या होने वाले हैं।

# सील करने के बावजूद बमबाज गड्डू मुस्लिम की दुकान फिर खुली, इलाके में कई तरह की चर्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी और पांच लाख के इनामी गुड्डू मुस्लिम की चकिया तिराहे पर स्थित चिकन और मटन की दुकान रविवार को खुल गई। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने इस दुकान को सील करने के बाद इस पर ध्वस्तीकरण का नोटस चस्प कर दिया था। बावजूद इसके दुकान के खुलने को लेकर तरह-तरह की चचाएं हैं। बमबाज गुड्डू मुस्लिम उमेश पाल की हत्या के बाद से ही फरार चल रहा है और पुलिस और एसटीएफ की कई टीमें उसे सरगर्मी से खोज रही हैं। माफिया अतीक अहमद के खास गुर्गे बमबाज गुड्डू मुस्लिम पर पुलिस की मेहरबानी को लेकर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस अब तक न तो उसके मकान को ध्वस्त किया न ही दुकान पर कार्रवाई की गई। उमेश पाल की हत्या के बाद से ही परिजन लापता हो गए हैं। पुलिस ने चकनिरातुल चकिया मुहल्ले में स्थित उसके घर पर ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा किया था। निर्धारित अवधि में जवाब न दाखिल करने पर ध्वस्तीकरण की चेतावनी दी गई थी। जवाब दाखिल करने की अवधि पीडीए के द्वारा लगातार बढ़ाई जाती रही और अंत में एक दिन घर और दुकान पर चस्पा नोटिस भी हट गया।



### अतीक के कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर है दुकान

चकिया तिराहे पर चकनिरातुल मुहल्ले के जिस गली में गुड्डू मुस्लिम का घर है वह गली काफी सकरी है। गली के ठीक सामने मुख्य सड़क पर दूसरी पटरी पर गुड्डू मुस्लिम की मटन और चिकन की शॉप है। यह दुकान अतीक अहमद के कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर ही स्थित है। दुकान पर भी पीडीए ने नोटिस चस्पा किया था और दुकान को सील कर दिया था। रविवार को अचानक दुकान खुली मिली। यही नहीं इसमें कई लोग मौजूद दिखे और मटन और चिकन की बिक्री भी की जाती रही। दुकान को आगे से रंग रोगन भी करा दिया गया है। जो बमबाज अभी तक पुलिस और एसटीएफ के लिए सिरदर्द बना है उसकी दुकान खुलने को लेकर कई तरह की चर्चा हो रही है। इसे लोग पुलिस की मेहरबानी के तौर पर भी देख रहे हैं।

# बरात में ग्रामीणों ने काटा बवाल, आधा दर्जन चार पहिया वाहनों में तोड़फोड़, अफरातफरी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के रिठैयां गांव में रविवार को रात आई बरात में गुमटी पर बरातियों से सिगरेट लेने के विवाद में ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। इस दौरान बगल के गांव के करीब एक दर्जन युवकों ने बरात में आए आधा दर्जन चार पहिया वाहनों में तोड़फोड़ कर गेस्ट हाउस पर पथराव किया। इससे अफरातफरी मच गई। पथराव में कुछ बराती जख्मी भी हुए हैं। सूचना पर इलाकाई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ की । राजेश पांडेय पूजा पाठ कराते हैं। रविवार को राजेश की पुत्री श्वेता का शादी गांव में स्थित गेस्ट हाउस में थी। बरात सहसों इलाके के सिंगरामऊ गांव से आई थी। रात तकरीबन साढ़े दस बजे द्वारचार का कार्यक्रम चल रहा था तभी कुछ बराती गेस्ट हाउस के पास स्थित पान की गुमटी से सिगरेट लेने चले गए। वहां किसी बात को लेकर दुकान पर बैठे बगल के गांव के एक युवक से बरातियों से कहासुनी हो गई। उस समय तो युवक वहां से चला गया पर कुछ ही देर में वह आधा दर्जन बाइक पर सवार करीब दर्जन भर युवकों के साथ गेस्ट हाउस पहुंचा।सभी के हाथ में रॉड और लाठी, डंडे थे। बाइक सवार युवकों ने बरात में आए चार पहिया वाहनों में तोड़ फोड़ करना शुरू कर दिया। इसके बाद गेस्ट हाउस पर पथराव कर दिया। इससे बरात में अफरातफरी मच गई। इसके बाद आरोपी युवक वहां से फरार हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की। पुलिस की मौजूदगी में शादी संपन्न हुई। घटना के संबंध में किसी की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव,परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**प्रयागराज।** नगर के अतरसुइया थाना अंतर्गत गोलपार्क के पास सोमवार की देर शाम एक युवक का शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके पास से मिले कागजात के जरिए और उसकी पहचान कराई। उसके बाद परिजनों को सूचित किया। उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि युवक नशे का आदी था। हालांकि घरवालों का कहना है कि उन्हें शक है कि उसे मारा गया है।नगर के शाहगंज थाना अंतर्गत खिलौना मावेर्हट निवासी मो. नावेद (42) पुत्र मच्चू ई रिक्शा चलाता था। उसी से परिवार का भरण पोषण करता था। सोमवार की शाम उसका शव अतरसुइया थाना अंतर्गत मीरापुर गोल पार्क के पास सड़क के किनारे पड़ा मिला। लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया।पीएम रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई मीरापुर चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि मृतक का बेटे समीर से बात हुई है। बेटे का कहना था कि वह सुबह ई-रिक्शा लेकर निकले थे अक्सर शाम को घर लौटते थे। उनके साथ क्या हुआ इस बारे में समीर ने कुछ भी बताने में असमर्थता जताई। चौकी इंचार्ज के मुताबिक बेटे ने कहा कि वह नशे के आदि थे। उसके पिता नशे के आदी थे। बेटे समीर ने हत्या की आशंका जताई है। लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# आने वाले समय में देश में उत्तर प्रदेश बनेगा पहला विकसित राज्यः गडकरी

## 2200 करोड़ की पांच सड़क परियोजनाओं का गडकरी व योगी ने किया शिलान्यास, बनवीरकाछ में केन्द्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री ने जनसभा को किया सम्बोधित

### सड़क परियोजनाओं का बटन दबाकर शिलान्यास करते केन्द्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री व मौजूद भीड़



जनसभा को सम्बोधित करते केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी।


पारियोजनाओं का बटन दबाकर शिलान्यस करते केन्द्रिय मत्री नितिन गडकारी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह व अन्य।



जनसभा को सम्बोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह।


पण्डल मे उमड़ा कर्याकर्ताओं जनसैलब।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जिले में 2200 करोड़ की पांच सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए कहा कि आज मुझे इस बात की खुशी है कि उत्तर प्रदेश में निरंतर विकास हो रहा है और यहां की कानून व्यवस्था में इतना सुधार हुआ है कि आज बाहरी उद्योगपति अब उत्तर प्रदेश में निवेश करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश देश का पहला विकसित राज्य बनेगा।

इसके लिये केन्द्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि योगी जी प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य शिक्षा के साथ इंफास्ट्रचर में सुधार के सपने को साकार कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री गडकरी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सुखपाल नगर तिराहे के समीप बनवीरकाछ में एक बड़ी जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। आज जिन सड़क परियोजनाओं का षिलान्यास हुआ, उनमें प्रतापगढ़-सुल्तानपुर फोर लेन सड़क का निर्माण, कुल 43 किमी 1290 करोड़ से बनेगा। इसी प्रकार प्रतापगढ़ शहर में भुपियामऊ से गोडे. तक 11 किमी तक फोरलेन सीसी सड़क बनेगी। गडकरी ने कहा कि सांसद संगम लाल गुप्ता की मांगों को स्वीकार कर लिया गया है। प्रतापगढ़ के बाईपास का छह किमी एक्सटेंषन के लिये 225 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसके अलावा चिलबिला से मुसाफिरखाना के लिये फोरलेन सड़क के लिये 333 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। केंद्रीय मंत्री के साथ प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गडकरी जी से चाहे जितनी बड़ी योजना मांग लीजिये, वह कभी न नहीं करते। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल मैं बनारस में जी-20 की बैठक में था जहां 28 देषों से आए प्रतिनिधि काषी की सड़कों व विकास कार्यों के अलावा गंगा आरती देख अविभूत हुए हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि पूरी दुनिया में मोदी ने देष का नाम रोषन किया है और हमें गर्व है कि हम आज उनके विकास कार्यक्रमों के सहभागी बन रहे हैं।

प्रारंभ में सांसद संगम लाल गुप्ता ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन गौरवषाली है। इस मौके पर प्रतापगढ़ के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, प्रतापगढ़ प्रभारी नागेन्द्र रघुवंषी, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, पूर्व मंत्री षिवाकांत ओझा, पूर्व मंत्री मोती सिंह, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व विधायक राम षिरोमणि शुक्ल, राजा अनिल प्रताप सिंह, नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, भाजपा के मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल व विवेक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### समय के अभाव में जनसभा में नहीं बोल पाए प्रभारी मंत्री

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सुखपालनगर के बनवीरकाछ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी की जनसभा का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री के आने के पूर्व जनप्रतिनिधि जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। प्रतापगढ़ के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल जैसे ही माइक पर बोलने चले, उसी दौरान मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री का उड़नखटोला आ गया जिसकी वजह से वह जनसभा को नहीं सम्बोधित कर पाए। इसके अलावा कई जनप्रतिनिधि भी समय के अभाव में जनसभा को सम्बोधित नहीं कर पाए।

### न सौ पढ़ा न एक प्रतापगढ़ाः सीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जैसे ही मंच संभाला, उन्होंने सबसे पहले कहा कि प्रतापगढ़ के बारे में यह प्रचलन है कि सौ पढे.लिखे में भी अगर प्रतापगढ़ का एक भी व्यक्ति पहुंच जाए तो वह सौ पर भारी पड़ता है। इस पर लोगों ने खूब ठहाके लगाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी को अंदाजा नहीं था कि मेडिकल कालेज बनेगा लेकिन डबल इंजन की सरकार में मेडिकल कालेज चल रहा है और आंवले को वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट की श्रेणी में रखा गया है। इस दौरान भीषण गर्मी के बावजूद सीएम के भाषण सुनने के लिये लोगों की भारी भीड़ जुटी रही।

### अगले वर्ष तक सभी योजनाएं होंगी पूरीः गडकरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि रायबरेली से प्रयागराज तक 3200 करोड़ की लागत से 105 किमी मार्ग को 4-लेन करने काम अक्टूबर, 2024 तक पूरा हो जाएगा। इसमें 33 किमी में काम शुरू हो गया है। बाकी बचे 63 किमी का काम जुलाई, 2023 में अवार्ड हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ से गौरीगंज तक 1100 करोड़ की लागत से 70 किमी 2-लेन पेव्ड शोल्डर सड़क का निर्माण दिसम्बर, 2023 में शुरू हो जाएगा। इस मार्ग के बनने से अमेठी से जगदीशपुर, प्रतापगढ़ आना-जाना आसान हो जाएगा और एनएएच फैक्ट्री, एसीसी सीमेंट, बीपीसीएल जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को फायदा होगा। प्रतापगढ़ के भुपियामऊ मोड़ पर ट्रैफिक जाम की समस्या हल करने एलएचएस बनाया जाएगा, जिसका पैसा रेलवे को दे दिया गया है।

## जर्जर विद्युत पोलों व तारों को शीघ्र बदलेंः हरिप्रताप सिंह

### नगर पालिका सभागार में नपाध्यक्ष ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**


नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद हरिप्रताप सिंह।

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेल्हा के सभागार में नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह की अध्यक्षता में नगरीय क्षेत्र के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त विद्युत पोल व तारों को बदलने के सम्बन्ध में बैठक हुई। बैठक में एसडीओ अजीत सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि शासन के निर्देष के क्रम में आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्रों में अवस्थित सभी वार्डों के जर्जर तार व विद्युत पोल को बदलकर नये पोल एवं तार को लगाया जाना है।

उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्र के पूरे ईष्वरनाथ वार्ड एवं बलीपुर षिवजीपुरम वार्ड में जर्जर तारों एवं खंभों को परिवर्तित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस दौरान नगर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि जर्जर तारों और खंभों को बदलने का कार्य तेजी से करें और विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने का कार्य करें। बैठक में सभासद सुनील दुबे, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर, भाजपा नेता अंषू श्रीवास्तव, ल्यूनोमो इंडस्ट्रीज लिमिटेड कोलकाता के सहयोगी सौरभ कुषवाहा एवं सुरेष यादव मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट में नौ आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में हुई मारपीट में नौ आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया गया है।

लालगंज कोतवाली के बेनी का पुरवा पूरे बीरबल निवासी बलराम यादव पुत्र जगेश्वर प्रसाद यादव ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि पिलर बनाने को लेकर हुए विवाद में गांव के उमाशंकर पुत्र रामदीन, उत्तम पुत्र उमाशंकर, दिवाकर पुत्र रमाशंकर, नितिन उर्फ पिंटू पुत्र हेमराज यादव, सुरेश यादव पुत्र रामबहादुर व चार अज्ञात आरोपियो ने शनिवार की शाम आठ बजे एकराय होकर उसे मारापीटा और घरेलू सामानों मे तोडफोड करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़ित बलराम यादव की तहरीर पर उमाशंकर समेत सभी नौ आरोपियो के खिलाफ रविवार की रात बलवा, मारपीट, तोडफोड समेत गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि पीडित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करायी जा रही है।

## यूपी बोर्ड के अंक पत्र में सुधार के लिये जीआईसी में लगा कैम्प

### 63 छात्र-छात्राओं के नाम की दूर की गई अशुद्धियां

**अखंड भारत संदेश**


अंक पत्र में सुधार के लिये लगी भीड़।

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कालेज में सोमवार को यूपी बोर्ड का कैंप लगाया गया। कैंप में छात्र-छात्राओं के नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि आदि की अशुद्धियां दूर की गईं। इस दौरान यूपी बोर्ड की सहायक सचिव अंशिका यादव के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम यहां आई। इसके साथ ही कालेज के प्रधानाचार्यों तथा शिक्षकों व कर्मचारियों को इस कार्य में लगाया गया था। सोमवार की सुबह 10 बजे से कैंप में कार्य शुरू किया गया। इस दौरान 35 हाईस्कूल व 28 इंटर के छात्र-छात्राओं की अशुद्धियां दूर की गईं। इस अवसर पर बोर्ड अंशिका यादव, प्रशासनिक अधिकारी माता शरण, प्रधान सहायक साधना वर्मा, वरिष्ठ सहायक अमरेंद्र सिंह के साथ ही कार्यक्रम के प्रभारी सह जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी द्विवेदी, प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह, डा. विंध्याचल सिंह, डा. राजेंद्र कुमार, संतोष मिश्र, गीता यादव, ऋचा श्रीवास्तव, आशीष तिवारी आदि रहे। डीआइओएस डा. ओपी राय ने बताया कि 63 छात्र-छात्राओं के नाम आदि की अशुद्धियां दूर की गईं।

### योजनाओं का लाभ लेने के लिये 15 जून तक करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्ष 2023-24 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट योजना एवं मत्स्य पालक कल्याण कोष हेतु विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिये आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल 30 मई से 15 जून 2023 तक के लिये खोला गया है। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों का विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। जनसामान्य विभागीय पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु मत्स्य विभाग के मण्डलीय व मत्स्य पालक विकास अभिकरण प्रतापगढ़ के जनपदीय कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

### रंजिश के चलते हुई मारपीट मे तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के कौडियाडीह निवासी हीरालाल गिरि के पुत्र राममिलन गिरि ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती आठ जून की रात नौ बजे रंजिश के चलते पडोसी अजीत गिरि पुत्र राजेन्द्र गिरि, शुभम गिरि पुत्र वीरेन्द्र एवं सुरेन्द्र पुत्र अमृतलाल ने एकराय होकर उसे व उसके परिजनों को लाठी डंडो से मारापीटा। आरोपियो ने उसे जान से मार डालने की धमकी भी दी। पीडित राममिलन की तहरीर पर अजीत गिरि समेत तीन आरोपियो के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में रविवार की रात मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### बालश्रम कर रहे पांच बच्चों को कराया गया मुक्त

**प्रतापगढ़।** बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान बालश्रम/बंधुआ मजदूरी/बालभिक्षावृत्ति रोकथाम के क्रम में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी/नोडल अधिकारी रोहित मिश्रा के पर्यवेक्षण में श्रम प्रवर्तन अधिकारी, थाना ए0एच0टी0यू0 से का0 जितेन्द्र सिसौदिया, का0 तौसीफ रजा के संयुक्त टीम द्वारा अभियान बालश्रम, बंधुआ मजदूरी, बालभिक्षावृत्ति रोकथाम के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन, थाना को0 नगर क्षेत्र मे भ्रमण किया गया। भंगवा चुंगी थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ से पांच बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया व श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा नियोजकों के खिलाफ नोटिस निर्गत किया गया व लोगो को हिदायत दिया गया कि नाबालिक बच्चों से कार्य न करवाये तथा उक्त अभियान के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

## आधा दर्जन लोगो ने घर में घुसकर किया मारपीट व लूटपाट

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के ब्यासपुर कुसुवापुर निवासी रोहित यादव ने नवाबगंज पुलिस को सोमवार को दिये गये। तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार की बीती रात लगभग साढ़े दस बजे मेरी चाची अशिका की जमीनी विवाद को लेकर आधा दर्जन युवक लाठी डंडा लेकर घर मे घुसकर महिलाओ व लड़कियो को भद्दी गाली देते हुए मारा पीटा और तोड़फोड़ किया और घर मे रखा बीस हजार रुपया चुरा ले गये। साथ मे घर मे लगा सी सी टी वी कैमरा को तोड़ दिया। परिजनों के शोर मचाने पर जब गांव वाले दौड़े तो दबँग युवक लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित रोहित यादव ने नवाबगंज पुलिस को आधा दर्जन युवको के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है।

### हत्या के मामले में नवाबगंज पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरियावां किल किलहा आश्रम के पास सड़क किनारे गड्ढे मे होरीलाल यादव पुत्र झुरीलाल यादव (38) वर्षीय थाना ऊंचाहार के हामिदपुर बड़ा गाव निवासी का रविवार की भोर पहर रक्त रंजित शव मिलने के मामले मे नवाबगंज पुलिस ने मृतक की पत्नी शिव कुमारी पत्नी होरीलाल यादव की तहरीर पर अज्ञात हत्यारोपी के खिलाफ मु0 अ0 स0 99/23,303 201 की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया पुलिस सभी बिन्दुओं की गहराई से जाँच कर रही है। समाचार भेजे जाने तक अधिक जानकारी करने करने के लिए थाना प्रभारी का फोन नाट रिचेबिल बता रहा था।

### टूटी नहर पटरी मौत को दे रही दावत

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की अरखा रजबहा की नहर पटरी विगत 7-8 माह से टूटी पड़ी हुई है, जो पानी के चलते जानलेवा गड्ढे का रूप ले लिया है। नहर की टूटी पटरी से दिन रात बाइक व साईकिल सवार लोगो का आना जाना लगा रहता है लगभग 8 माह से टूटी पड़ी नहर की पटरी से किसी भी वक्त कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जब कि टूटी पटरी से चंद कदम की दूरी पर डाकबंगला है जिसमे नहर विभाग के कर्मचारी मौजूद रहते है, फिर भी जान बूझकर इस ओर से अनजान बने हुए हैं। लगता है नहर विभाग कोई बड़ी घटना होने का इंतजार कर रहा है। स्थानीय लोगों ने नवागत जिलाधिकारी प्रकाशचंद्र श्रीवास्तव का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के रीघी गांव निवासी ऋषभ तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दो दिन पहले घर से उसका लैपटॉप व मोबाइल फोन अज्ञात चोर उठा ले गये। काफी खोजबीन के बाद भी चोरी गया सामान बरामद नही हुआ। पीडित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मोबाइल व लैपटॉप चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। सांगीपुर एसओ मनोज कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने में आरोपी पर केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के कुम्भीआइमा निवासी एक युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर मे आरोप लगाया है कि शनिवार की शाम चार बजे उसकी पन्द्रह वषीर्या पुत्री घर मे अकेली थी। इस दौरान गांव का फिरोज पुत्र पीरअली पहुंचा और उसे बहलाफुसला कर अपने साथ भगा ले गया। इसकी जानकारी पर वह आरोपी के घर बेटी के बारे में पूछताछ करने गया तो उसके परिजन मारपीट पर अमादा हो गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित फिरोज के खिलाफ अपहरण व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ निकेत भारद्वाज ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है शीघ्र ही लापता किशोरी को बरामद किया जाएगा।

### चार आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न व जानलेवा धमकी का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के भुड़हा निवासी शम्भूनाथ कोरी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीते शनिवार को निमंत्रण मे आये आरोपियो ने उसे गालियां देते हुए मारापीटा। गांव के नीतम वर्मा व अंकित वर्मा, संदीप वर्मा व श्रवण वर्मा ने घर मे रखे कीमती सामान व कुर्सी आदि मे तोडफोड की। शिकायत पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर नीतम वर्मा समेत चारों आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट तोडफोड व दलित उत्पीडन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। सांगीपुर एसओ मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# डंडा, पत्थर, रॉड से पीटकर साइकिल सवार अधेड़ दूधिये की सरेआम हत्या

## पुरानी रंजिश के चलते दिनदहाड़े हत्या से क्षेत्र में मची सनसनी

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के हिसाम पुर माढो निवासी अधेड़ दूधिये की डंडा, रॉड पत्थर से पीटकर हत्या कर दी गयी है दिनदहाड़े हत्या की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार रोज की भांति आज सोमवार सुबह जबरनाथ साहू उम्र 52 वर्ष पुत्र स्व श्री प्रसाद निवासी हिसामपुरमाढ़ो दूध बेचने अझुवा जा रहा था अटसराय स्टेशन के पास स्थित रेलवे अंडर पास से निकल कर ज्योंहि वह सड़क मार्ग पर आया मौके पर पहले से मौजूद लोगों ने उसे रोक लिया बताया जाता है कि



घटनास्थल पर पड़ा खून व जांच पड़ताल करती पुलिस

रोहित पुत्र स्व विशाल ने अपने साथी के साथ मिलकर डंडा, रॉड पत्थर से हमला कर दूधिए को लहूलुहान कर दिया जबरनाथ साहू के बड़े भाई अमर नाथ साहू ने बताया इस हमले की सूचना से परिजन भागकर घटनास्थल पहुंचे वहां से गम्भीर घायल जबरनाथ को लाद फांद कर सिराथू सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया पुरानी रंजिश में हिस्ट्रीशीटर ने उसके भाई की हत्या की है ऐसा आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने हमराहियों के साथ मौका मुआयना कर सूक्ष्म जांच में जुट गए है पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है वहीं ग्रामीण चचाओं पर जाएं तो आज से करीब 2 दशक पहले रोहित के पिता स्व विशाल का गांव क्षेत्र में जबरदस्त आतंक था चोरी सहित हर फंद से ग्रामीण परेशान थे उसी दौरान जबरनाथ साहू की रोहित के पिता विशाल की अदावत हो गयी ग्रामीण पहले से ही त्रस्त थे उस दरम्यान मारपीट होने लगी जबरनाथ के साथ ग्रामीणों ने विशाल को जमकर मारापीटा काट दिया था जिसमे विशाल की मौत हो गयी थी उसी अदावत में रोहित जबरनाथ से खुन्नस खाता था आज उसने जबरनाथ की निर्मम हत्या कर दी ,वहीं ग्रामीणों के अनुसार आरोपी रोहित हिस्ट्रीशीटर है इसके घर गुजरात पुलिस मध्यप्रदेश पुलिस और नजदीकी थरियांव पुलिस कई बार छापा मार चुकी है,खैर जो भी हो पुलिस गहनता से मामले की छानबीन में जुट गई है।

## एक व्यक्ति की ट्रेन से कट कर मौत



**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत चौकी भरवारी के चमंधा भटपुरवा रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर टुकड़ो में लाश मिली है सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हाउस भेज दिया है मामला सोमवार की सुबह का है। रेल लाइन पर टुकड़ों में शव पड़े होने की जानकारी मिलने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया है लेकिन काफी प्रयास के बाद मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है मृतक कहा का है क्या नाम है इसकी कोई जानकारी नहीं प्राप्त हो सकी।

## न्यूज झरोखा

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त मो० इमरान पुत्र अलताब अहमद निवासी अरई थाना चरवा को बन्दर बगिया बहद ग्राम समसपुर से एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल व मुकदमा उपरोक से सम्बन्धित चोरी का 1100 रुपये बरामद कर गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।



### दहेज हत्या के तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा तीन वाछित अभियुक्तों शिवबाबू पुत्र शिवचन्द्र शिवचन्द्र पुत्र रामऔतार केशपतिया पत्नी शिवचन्द्र निवासीगण वार्ड नं0 6 कृष्णा नगर कस्बा अझुवा थाना सैनी को भोला चौराहा के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है



### तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस बल द्वारा तीन वारंटी अभियुक्तों मानसिंह लालसिंह पुत्रगण शिवभवन व शिवभवन पुत्र स्व0 रामप्यारे निवासीगण भैला मकदूमपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

### नाबालिग लड़की को भागने वाले चालसाज के सर पर थानाध्यक्ष का हाथ

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के ग्राम काजीपुर करौल का पुरवा उर्फ जुनैदपुर गांव में दिनांक 9/06/2023 को एक नाबालिग लड़की को एक मनचला भागा ले गया । जिसे लडकी के छोटे भाई ने गाड़ी पर बैठा कर ले जाते देखा इस बात की जानकारी जब परिजनों को पाता चली तो उन्होंने इसकी सूचना थाना संदीपन घाट में की सूचना पर पुलिस ने मनचले को गिरफ्तार किया और थाने में लाकर बंद कर दिया। मनचले के पकड़े जाने के बाद ही इलाके के दलाल सक्रिय हुए पैसे के लेन-देन की बात शुरू हुई मामला सेट होते हैं बालिका को भगाने वाले वर्क को पुलिस ने छोड़ने की कोशिश शुरू कर दी लेकिन बालिका के परिजन जब नहीं माने तो उन पर थाने में धौस जमा करके उनसे हस्ताक्षर कराए गए और आरोपी को छोड़ दिया गया।

जानकारी के मुताबिक 9 जून को समय करीब दोपहर 12 बजे दीपू पुत्र समरे ग्राम काजीपुर मजरा करौल का पूरा उर्फ जुनैदपुर की निवासी खुशी पुत्री जयचन्द को बहला फुसलाकर कर लेकर भाग गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हवालात में डाल दिया लेकिन बाद में दलालों के सच्चे होते ही आरोपी को पुलिस ने छोड़ दिया है जिस पर परिजनों ने पुलिस पर सवाल उठाए हैं परिजनों का कहना है कि खुशी नाबालिग लड़की है थाने में मामला गया तो थानाध्यक्ष ने लड़की के घर वालो पर दबाव बनाया और मनचले युवक को थाने से छोड़ दिया।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सदीपनघाट पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र मूलचन्द्र निवासी इन्दरियापुर मजरा सेसा थाना करारी को बलिहावा मोड के पास से 550 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है



### 09वॉ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध मे अधिकारियों के साथ की बैठक

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में योग सप्ताह एवं 09वॉ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने के लिए तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 अनीता सिंह ने बताया कि 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह एवं 21 जून को 09वॉ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाना है, जिसकी थीम हर घर-ऑगन योग रखा गया है जिससे योग के माध्यम से प्रत्येक परिवार को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सकें। 15 जून को योग का शुभारम्भ किया जाना है मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं ई0ओ0 को अपने-अपने क्षेत्र में एक स्थान चिन्हित कर 15 जून को प्रातः 07 बजे से योग कार्यक्रम का शुभारम्भ कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि 21 जून को जनपद के विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किया जायेंगा तथा स्पोर्ट्स स्टेडियम, टेंवा में बृहद स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किया जायेंगा। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक तैयारी समय से सुनिश्चित करने तथा आयुष कवच एप डाउनलोड कर योग की फोटो एवं विवरण अपलोड कराने के भी निर्देश दियें इस अवसर पर डीएफओ आरएस यादव एवं जिला विद्यालय निरीक्षक एसएन यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### गाली का विरोध करने पर किशोरी व वृद्ध को किया लहूलुहान

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर गांव गांव कि गुड़िया देवी पत्नी स्व० आनन्द प्रकाश कि पुत्री प्रियंका रविवार को सुबह 7:30 बजे अपने दरवाजे के पास बैठी थी ! पड़ोस के ही धनराज व बलराम पुत्रगण अमर सिंह व सुनीता देवी पत्नी अमर सिंह व लक्ष्मी देवी पुत्री अमर सिंह दरवाजे पर आकर बेवजह भद्दी भद्दी गाली गलौज करने लगे प्रियंका ने गाली का विरोध किया तो विपक्षीगण एकजुट होकर लोहे की राड से बुरी तरह से मारे पीटे शोर सुनकर पीड़िता के पिता मौके पर पहुंच कर बीच बचाव करने लगा तो विपक्षियों ने बुरी तरह से उन्हें भी मार पीट कर लहूलुहान कर दिया! दोनों घायलो का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है! पीड़ित के पिता की हालत नाजुक बतायी जा रही है!

### शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना संदीपनघाट पुलिस द्वारा अभियुक्त अनिल पुत्र रंगाई निवासी बदनपुर थाना संदीपनघाट को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 123 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## करारी थाना से महज 500 मीटर दूरी से भैंस चोरी

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के महज 500 मीटर दूर एक गांव में रविवार की रात चोरों ने अपना हाथ सफाया कर दिया है जिसमें उन्होंने एक भैंस और उसका बच्चा चोरी कर लिया है।



जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के गांव मुकीमपुर में सीमा देवी पत्नी रामचन्द्र लोधी ने बताया कि उनके घर का निर्माण हो रहा है जिससे उन्होंने भैंस और उसके बच्चे को घर के पीछे बांध कर घर के कार्यों को निपटा कर सो गए थे तभी अर्धरात्रि को चोरों ने उसकी भैंस और एक पांच माह का भैस का बच्चा को चोरी कर लिया है। रात्रि में जब सीमा देवी जागी तो उसने अपनी भैंस और उसके बच्चे को वहां नहीं देखा तो उसने पैरों तले जमीन खिसक गई उसने अपने घर के परिजनों के साथ खोजबीन किया लेकिन भैंस और उसके बच्चे को कहीं नहीं पाया तो उसने मायूस होकर थाना में लिखित तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि करारी थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर बसा यह गांव से भैंस और उसके बच्चे का चोरी हो जाना करारी थाना की पुलिस की लापरवाही को दशार्ता है क्योंकि सच तो यह है कि थाना प्रभारी के गश्त सिर्फ कागजी दस्तावेजों में किया जाता है अगर हकीकत में किया जाता तो शायद चोरों के द्वारा चोरी की इस घटना को अंजाम नहीं दिया जाता।

फिलहाल अब देखना यह है कि क्या करारी पुलिस दिन प्रतिदिन होने वाली चोरी पर अंकुश लगाती है या इसी तरह चोरों का हौसला आफजाई होता रहेगा।यह करारी थाना प्रभारी पर बड़ा सवाल है।

# शादी में द्वारचार के दौरान कन्या पक्ष के लोगों ने वर पक्ष के लोगो को लाठी डंडों से जमकर पीटा

## डीजे में लगाई आग कई गाड़ियां तोड़ी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के करारी थाना क्षेत्र में शादी में द्वारचार के दौरान किसी बात को लेकर कन्या पक्ष के दर्जनों लोगो ने वर पक्ष के लोगो को जमकर लाठी डंडों से पीट दिया,लोगो ने डीजे में आग लगा दी और बारात में शामिल दूल्हे की गाड़ी सहित कई चार पहिया गाड़ियां भी तोड़ दी,जिसमे बारात पक्ष के दूल्हे के बड़े भाई,भतीजे सहित कई लोग घायल हो गए,सभी घायलों का इलाज चल रहा है वही एक व्यक्ति की हालत ज्यादा नाजुक होने के चलते उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना करारी थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक मोहब्बत पुर पइंसा थाना क्षेत्र के कैमा से



तोड़ फोड़ का दृश्य

करारी थाना क्षेत्र के चकिया गांव में कल बारात आई थी,बारात जैसे ही कन्या पक्ष के घर पर पहुंची तो द्वारचार की रस्म शुरू की गई,द्वारचार के दौरान ही किसी बात को लेकर कन्या पक्ष के दर्जनों लोग लाठी डंडे लेकर आए और वर पक्ष के लोगो को पीटना शुरू कर दिया,मारपीट में वर पक्ष से दूल्हे का भाई,भतीजा और रिश्तेदारों सहित कई लोग घायल हो गए।कन्या पक्ष के लोगो ने डीजे वाहन में आग लगा दी,दूल्हे की गाड़ी सहित कई चार पहिया गाड़ियो के शीशे तोड़ दिए और गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की।

इस दौरान शादी के कार्यक्रम एम आफरा तफरी मच गई,सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहा हालत नाजुक होने पर एक घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।वही विवाद के बाद शादी भी रुक गई है।दूल्हे के पिता मंझा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाई की मांग की है। बताया जाता है कि वर पक्ष के लोगों ने बारात के दौरान छेड़खानी की थी जिससे मामला विवाद में बदल गया।

# मोटरसाइकिल व गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



मोटरसाइकिल व गांजे संग गिरफ्तार अभियुक्त

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त सोनू पटेल पुत्र स्व0 अमर सिंह निवासी नरसिंहपुर कछुआ थाना सैनी को नरसिंहपुर कछुआ से एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल व 1200 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तारी कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## सब्जी बेच कर लौट रहे दलित को दबंगों ने थाने के कुछ दूरी पर रास्ते में रोक कर धुना

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के चंदई तारा गांव का राजेंद्र कुमार पासी पुत्र सूरज पाल पासी रविवार को अपने चचेरे भाई के साथ काजू बाजार हरी सब्जी बेचने गया था ! शाम करीब सात बजे सब्जी बेच कर दोनो अपने घर लौट रहे थे ! जैसे ही काजू गैस एजेंसी के पास पहुंचे ही थे! काजू गांव का श्याम करवरिया पुत्र राकेश करवरिया रोड़ पर खड़ा हो कर फोन से बात कर रहा था! पीड़ित का चचेरा भाई राहुल अपनी साइकिल रोड़ की पटरी की तरफ से निकाला तो विपक्षी ने गाली गलौज करने लगा पीड़ित ने गाली का विरोध किया तो विपक्षी ने अपने छोटे भाई आदित्य करवरिया उर्फ छोटू को फोन कर के मौके पर बुलाया दोनों एक जुट होकर दलित को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी से बुरी तरह मारे पीटे! पीड़ित को गम्भीर चोटे आई है! पीड़ित ने दो लोगों के विरुद्ध नाम जद्द तहरीर स्थानीय थाना चरवा में दिया! चरवा पुलिस जांच में जुटी!

# पति से विवाद के बाद महिला ने लगाई कुएं में छलांग, मौत

## पुलिस ने दस घंटे बाद महिला को निकाला बाहर,महिला की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में पति से विवाद के बाद एक महिला ने कुएं में छलांग लगा दी,महिला सारी रात कुएं में पड़ी रही,सुबह लोगो ने देखा तो हड़कंप मच गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को बाहर निकाला,लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी,पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

घटना पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा की है जहा चित्रकूट जनपद के मऊ थाना क्षेत्र के चकौर गांव की नीता की शादी दो साल पहले हुई थी,तभी से पति पत्नी में आपस में किसी बात को लेकर विवाद होता था,बीती रात फिर किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो पत्नी ने नाराज होकर गांव के



घटना के बाद जुटी लोगों की भीड़

बाहर जाकर कुएं में छलांग लगा दी,जिसमे महिला पूरी रात कुए के अंदर पड़ी रही और जब सुबह उसे बाहर निकाला गया तो उसकी मौत हो चुकी थी।वही मौत की सूचना पर पहुंचे महिला के मायके वालों ने पति पर हत्या कर शव को कुएं में फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

# डीएम ने की विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

## सभी अधिकारियों को प्रतिदिन 10 बजे से 11 बजे तक जनता दर्शन कर आमजन की समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन पूर्वान्ह 10 बजे से 11 बजे तक अपने कार्यालय में जनता दर्शन कर आमजन की समस्याओं को सुनकर निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता दर्शन न किये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए शासन को आख्या प्रेषित की जायेंगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को शिकायत रजिस्टर बनाने तथा प्रतिदिन प्राप्त शिकायतों को रजिस्टर पर अंकित करने के निर्देश दियें।

उन्होंने सभी कार्यालय अध्यक्ष को अपने कार्यालयों की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था, अभिलेखों का व्यवस्थित तरीके से रख-रखाव तथा कर्मचारियों के जीपीएफ पासबुक एवं सर्विस बुक अपडेट रखने के निर्देश दियें उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने तैनाती स्थल पर निवास करना सुनिश्चित करें तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि अधीनस्थ अधिकारी भी तैनाती स्थल पर निवास करें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों को



समीक्षा करते जिलाधिकारी

गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत निस्तारित किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर न होने पाये जिलाधिकारी ने जर्जर प्राथमिक विद्यालयों एवं पंचायत भवनों का मूल्यॉकन कर जॉच आख्या प्रस्तुत करने में विलम्ब करने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता आरईडी सहायक अभियंता लघु सिंचाई एवं सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग के वेतन रोकने के निर्देश दियें उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि आकांक्षात्मक विकासखण्ड मंझनपुर एवं कौशाम्बी में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को अमृत सरोवरों का सत्यापन कर ऐप पर अपलोड करने के निर्देश दियें उन्होंने मनरेगा के अन्तर्गत किये जा रहें कार्यों में भी तेजी से प्रगति लाने तथा जिला कृषि अधिकारी को प्रधनमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के कार्यों में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल एवं झटपट पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को भी समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को सम्बन्धित अधिकारियों के माध्यम से आगामी 27 जून 2023 को प्राथमिक विद्यालय खुलने के पूर्व जनपद के सभी विद्यालयों में साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को विद्यालयवार अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा 27 जून को विद्यालयों में पहुॅचकर बच्चों का स्वागत किया जाय। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कराये जा रहें कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों के स्तर पर ग्राम पंचायतों की जॉच आख्या लम्बित है, वे सभी अधिकारी ग्राम पंचायतों की जॉच कर शीघ्र आख्या उपलब्ध करायें उन्होंने निराश्रित गोवंशों की समीक्षा के दौरान प्रत्येक गौशालाओं में भूसा-चारा आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दियें।

जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आयुष्मान भारत योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण आदि योजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह एवं डीएफओ आरएस यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

संपादकीय

# दुनियाँ में भारत की उभरती हुई साख

अशोक कुमार झा

**न्यूयार्क टाइम्स** के मुख्य सम्पादक जोसफ होप ने भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर एक बहुत ही बड़ी टिप्पणी किया है, जिसमें उसने दुनियाँ के सभी देशों को एक साथ मिलकर गंभीरतापूर्वक विचार करने को कहा है । जोसफ होप ने नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी करते हुए लिखा है कि इस आदमी का उत्थान, सारे संसार के लिए, खतरा है क्योंकि इसने केवल भारत को एक महान देश बनाने की इच्छा को प्रकट किया है जिसका एकमात्र उद्देश्य भारत को सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनाना है। उसने आगे लिखा है कि यदि इस आदमी को समय रहते रोका नहीं गया तो भविष्य में एक दिन भारत संसार में बहुत शक्तिशाली राष्ट्र हो जाएगा और इससे अमेरिका को आश्चर्य होगा। वह एक विशेष रणनीति के अनुसार चलता है और कोई नहीं जानता कि इसके आगे वह क्या करने वाला है । उसके मुस्कराते हुए चेहरे के पीछे एक खतरनाक देशभक्त छिपा हुआ है। वह दुनिया के सभी देशों का उपयोग भारत के हितों के लिए करता है। उसने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के साथ अमेरिका के सम्बंधों को बिगाड़कर और उसके दुश्मन देशों जैसे वियतनाम के साथ गठजोड़ करके इन तीनों देशों का उपयोग चीन के खिलाफ करना चाहता है । हाल में वियतनाम ने चीन के दक्षिण के समुद्र में तेल निकालना भी शुरू कर दिया है, जिसको वह पूरा भारत को भेजता है। साथ ही उसने भारतीय कम्पनी रिलायंस को वहाँ काम करने के लिए भेज दिया है ताकि अमेरिका का दबदबा वहाँ से खत्म हो जाये। फिलहाल अब चीन के दुश्मन वियतनाम पर अमेरिका का नियंत्रण होना है जो कि भारत के लिए अच्छा है। इधर भारत में आओ लांच इंडिया अभियान में चीन और अमेरिका दोनों देशों का 15 अरब डालर लगा हुआ है जो कि भारत आठ साल में भी नहीं ला सकता था। अब यह आदमी पाकिस्तान को गरीबी की ओर धकेलने में लगा हुआ है। पाकिस्तान के पुराने दोस्त ईरान में पोर्ट बनाना, जो अफगानिस्तान की सीमा के काफी निकट है। साथ ही अफगानिस्तान सीमा पर भारतीय सेना का अड्डा बनाकर उसने ईरान को वह रास्ता दिखाया है कि वह अब पाकिस्तान को अफगानिस्तान में उलझा हुआ छोड़कर सीधे भारत से व्यापार कर सकता है। इधर पाकिस्तान अपने आप में इतना उलझ गया है कि वह खुद टूटने के कगार पर चला गया है । अब हालात धीरे धीरे ऐसी बनती जा रही है कि पाक अधिकृत कश्मीर भी खुद भारत के कब्जे में आ जाएगा। साथ ही पाकिस्तान चार टुकड़ों में टूटेगा और वह मोदी की उँगलियों पर नाचने को मजबूर होगा जिसके लिये पाकिस्तान का परम्परागत साथी सऊदी अरब भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अखबार ने आगे बताया है कि इस आदमी ने एशिया में चीन और अमेरिका की भूमिका तो खत्म कर ही दी है और सार्क सम्मेलन को रद्द कराके पूरे संसार को अपनी शक्ति दिखा दी है। मोदी ने अब तक एशिया में भारत की सर्वोच्चता को स्थापित कर दिया है। इसने एशिया की दो महान शक्तियों रूस और जापान के साथ गठबंधन किया हुआ है जिससे चीन सिर्फ हांगकांग में अपनी शक्ति जरूर दिखा सकता है परंतु मोदी अपने चीन अधिकृत कश्मीर को कब्जे में करने की तैयारी में है ताकि उसकी सीपीईसी परियोजना को रोका जा सके। इधर चीन मोदी के कहने पर भारत में अपना 40% हिस्सा त्यागने को तैयार है लेकिन मोदी किसी की सुनने के मूड में नहीं हैं जिससे पाकिस्तान की हालत युद्ध के बिना ही भिखारी जैसी बन चुकी है। इसके परिणामस्वरूप चीन का 62 अरब डालर जो उसने पाकिस्तान में लगाया है वह पैसा उसका पानी में डूबता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी तरफ मोदी ने अमेरिकी सरकार में लाबी बनाकर भारत को टळउफ समूह में शामिल कराया है और अब शीघ्र ही परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह ठरऋ को ही बदल डालने की तैयारी में है जिससे अमरीका का आगे बढ़ना कठिन होगा। विश्व के सबसे बड़े अखबार ने इस चिंता जताते हुए लिखा है कि इस आदमी ने भारत की राजनीति को ऐसे नए स्तर पर पहुंचा दिया है जो दुनियाँ के सभी बड़े देशों को इस बात पर गंभीरतापूर्वक विचार करने की जरूरत है । सभी देशों के अनेक दुश्मन देश होते हैं परंतु आज भारत एक ऐसा देश हो गया है जिसका अब पाकिस्तान ओर चीन के अलावा कोई दुश्मन नहीं है। इसलिए अब यह निश्चित है कि पाकिस्तान की समस्याओं का समाधान भी सिर्फ भारत के हाथ में होगा। यह व्यक्ति सर्जिकल स्ट्राइक करके पहले ही पाकिस्तान सहित दुनियाँ को अपने इरादों का झलक दिखा चुका है और अब यह आदमी पाकिस्तान को किसी युद्ध से भी अधिक हानि पहुँचा रहा है। साथ ही इसने मुस्लिम देशों को पाकिस्तान के विरुद्ध उपयोग करके स्वयं को संसार के महानतम नेताओं की श्रेणी में ला दिया है जिससे शेष संसार के लिए भारत की प्रगति को रोकना आने वाले समय में कठिन सिद्ध होगी । यह टिप्पणी न्यूयार्क टाइम्स की है जो दुनियाँ के सबसे बड़े अखबार होने के साथ साथ वह क्या लिखता है ,उसे पूरी दुनियाँ गौर से देखती है और उस पर विचार भी करती है । ऐसे में विश्व मंच पर मोदी की लोकप्रियता और भारत की बढ़ती हुए साख से दुनियाँ को अगाह कराना भारत के लिये अच्छे और बुरे दोनों ही संकेत की तरफ इशारा कर रहा है । खासकर अमरीका और चीन जो संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के स्थायी सदस्यता के आंतरिक विरोधी इसलिये रहे हैं क्योंकि अगर भारत जैसे गुट निरपेक्ष देश संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बन जाये तो इन लोगों की मनमानियों में कमी आनी शुरू हो जाएगी।

# रक्तदान नयी जिन्दगी देने का पुण्य

ललित गर्ग



**विश्व** स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में रक्तदान के महत्व को समझने के साथ ही रक्तदान करने के लिये आम इंसान को प्रोत्साहित करने के लिये हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर का रक्त ही क्यों न हो। किसी व्यक्ति की रक्तअल्पता के कारण मृत्यु न हो, इस दृष्टि से रक्तदान एक महान दान है, जो किसी को जीवन-दान देने के साथ हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। रक्तदान का दाता कोई भी हो सकता है, जिसका रक्त किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये रक्त से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है।

दरअसल विश्व रक्तदान दिवस, शरीर विज्ञान में नोबल पुरस्कार प्राप्त कर चुके वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन की याद में पूरी विश्व में मनाया जाता है, उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था। उन्होंने मानव रक्त में उपस्थित एग्ल्युटिनिन की मौजूदगी के आधार पर रक्तकणों का ए, बी और ओ समूह की पहचान की थी। रक्त के इस वर्गीकरण ने चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी खोज के लिए महान वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन को साल 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था। उनकी इसी खोज से आज करोड़ों से ज्यादा लोग रक्तदान रोजाना करते हैं और इसी के कारण लाखों की जिंदगियां बचाई जाती हैं, जिससे रक्त प्राप्त करने वाले व्यक्ति को एक नयी जिंदगी और उनके परिवारों के चेहरे पर एक प्राकृतिक मुस्कुराहट देता है। रक्त की जरूरत पड़ने पर उसके लिए पैसे देने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए, इसी उद्देश्य से हर साल लोगों को जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। विश्व रक्तदान दिवस पर रक्त दान करने के लिए समझाया जाता है तथा रक्त दान करने की क्या प्रक्रिया होती है उसके बारे में उचित शिक्षा दी जाती है। रक्त-दान किनको करना चाहिए और किन को नहीं करना चाहिए इस बारे में उचित जानकारी देने का कार्य इस दिवस के माध्यम से किया जाता है।

भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद रक्तदान में काफी पीछे है। रक्त की कमी को खत्म करने के लिए विश्व भर में रक्तदान दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के तहत भारत में सालाना एक करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत है लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। यानी करीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल हजारों मरीज दम तोड़ देते हैं। यह अकारण नहीं कि भारत की आबादी भले ही डेढ़ अरब पहुंच गयी हो, रक्तदाताओं का आंकड़ा कुल आबादी का एक प्रतिशत भी नहीं पहुंच पाया है। वहीं दुनिया के कई सारे देश हैं जो इस मामले में भारत को काफी पीछे छोड़ देते हैं। मालूम हो कि नेपाल में कुल रक्त की जरूरत का 90 फीसदी स्वैच्छिक रक्तदान से पूरा होता है तो श्रीलंका में 60 फीसदी, थाईलेण्ड में 95 फीसदी, इण्डोनेशिया में 77 फीसदी और अपनी निरंकुश हुकूमत के लिए चर्चित बर्मा में 60 फीसदी हिस्सा रक्तदान से पूरा होता है।

रक्तदान को लेकर विभिन्न भ्रांतियां समाज में परिव्यपाप्त है। रक्त की महिमा सभी जानते हैं। रक्त से आपकी जिंदगी तो चलती ही है साथ ही कितने अन्य के जीवन को भी बचाया जा सकता है। भारत में अभी भी बहुत से लोग यह समझते हैं कि रक्तदान से शरीर कमजोर हो जाता है और उस रक्त की भरपाई होने में महीनों लग जाते हैं। इतना ही नहीं यह गलतफहमी भी व्याप्त है कि नियमित रक्त देने से लोगों की रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होती है और उसे बीमारियां जल्दी जकड़ लेती हैं। यहाँ भ्रम इस कदर फैला हुआ है कि लोग रक्तदान का नाम सुनकर ही सिहर उठते हैं। भला बताइए क्या इससे पर्याप्त मात्रा में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है? विश्व रक्तदान दिवस समाज में रक्तदान को लेकर व्याप्त भ्रांति को दूर करने का और रक्तदान को प्रोत्साहित करने का काम करता है। भारतीय रेडक्रास के अनुसार देश में रक्तदान को लेकर भ्रांतियाँ कम हुई हैं पर अब भी काफी कुछ किया जाना बाकी है। किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता क्यों होती है इसके विभिन्न कारण हैं। एक बीमारी, दुर्घटना असाध्य ओपरेशन कुछ भी हो सकती है, लेकिन यह महत्वपूर्ण है। हम जो रक्त दान करते हैं वह किसी जरूरतमंद की मदद करता है। यह उनकी स्वास्थ्य स्थिति को बढ़ाते हुए नया जीवन देता है और उन्हें उनकी गंभीर स्थिति से उबारता है।

रक्तदान करते हुए डोनर के शरीर से केवल 1 यूनिट रक्त ही लिया जाता है। एक बार रक्तदान से आप 3 लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं। ब्लड डोनेशन की प्रक्रिया काफी सरल होती है और रक्त दाता को आमतौर पर इसमें कोई तकलीफ नहीं होती हैं। रक्त दाता का वजन, पल्स रेट, ब्लड प्रेशर, बॉडी टेम्परेचर आदि चीजों के सामान्य पाए जाने पर ही डॉक्टर्स या ब्लड डोनेशन टीम के सदस्य आपका ब्लड लेते हैं। पुरुष 3 महीने और महिलाएं 4 महीने के अंतराल में नियमित रक्तदान कर सकती हैं। यदि आप स्वस्थ हैं, आपको किसी प्रकार का बुखार या बीमारी नहीं हैं, तो ही आप रक्तदान कर सकते हैं।

रक्तदान खुशी देने एवं खुशी बटोरने का एक जरिया है। एक चीनी कहावत- पुष्प इकट्ठा करने वाले हाथ में कुछ सुगंध हमेशा रह जाती है।

जो लोग दूसरों की जिंदगी रोशन करते हैं, उनकी जिंदगी खुद रोशन हो जाती है। रक्तदान ऐसा पुण्य है जो किसी को नयी जिन्दगी देता है तो खुद को भी खुशी का अहसास कराता है। मनोवैज्ञानिक मानते हैं खुशी का कोई निश्चित मापदंड नहीं होता। एक मां बच्चे को स्नान कराने पर खुश होती है, छोटे बच्चे मिट्टी के घर बनाकर, उन्हें ढहाकर और पानी में कागज की नाव चलाकर खुश होते हैं। इसी तरह विद्यार्थी परीक्षा में अव्वल आने पर उत्साहित हो सकता है। सड़क पर पड़े सिसकते व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना हो या भूखें-प्यासे-बीमार की आहों को कम करना, अन्याय और शोषण से प्रताड़ित की सहायता करना हो या सर्दी से ठिठुरते व्यक्ति को कम्बल ओढ़ाना, किन्हीं को नेत्र ज्योति देने का सुख है या जीवन और मृत्यु से जूझ रहे व्यक्ति के लिये रक्तदान करना-ये जीवन के वे सुख है जो इंसान को भीतर तक खुशियों से सराबोर कर देते हैं।

रक्तदान पूरे विश्व में मनाये जाने वाले महत्त्वपूर्ण दिवसों में से एक है। कोई भी व्यक्ति चाहे, वह किसी भी उम्र, जाति, धर्म और समुदाय का हों, वह रक्तदान कर सकता है। किसी व्यक्ति के जीवन में रक्तदान के महत्व को समझने के साथ ही रक्तदान करने के लिये आम इंसान को प्रोत्साहित करना इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है।

भारत महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों व असुरों से जन सामान्य की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। परंतु समय के साथ भारत में रक्तदान की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई। निश्चित तौर पर रक्तदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। इस तरह रक्तदान करने से एक प्रेरणादायी शक्ति पैदा होती है, जो अद्भुत होती है, यह ईश्वर के प्रति सच्ची प्रार्थना है। इस तरह की उदारता व्यक्ति की महानता का द्योतक है, जो न केवल आपको बल्कि दूसरे को भी प्रसन्नता, जीवनऊर्जा एवं जीवन प्रदान करती है।

# प्लास्टिक का जितना कम करें उपयोग

सुनील कुमार महला



**बढ़ती** आबादी और विकास के बीच अब धीरे धीरे पहाड़ों के स्वास्थ्य को लगातार खतरा बढ़ता चला जा रहा है। पहाड़ों में अंधाधुंध कटान, जंगलों की आग(दावानल) और शहरों में बढ़ता प्रदूषण पर्यावरण की सेहत के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। मिट्टी, पानी और हवा पर इसका बहुत ही बुरा असर पड़ रहा है। कटते पहाड़ों से जहां भूस्खलन जोन बढ़ रहे हैं। वहीं, प्रदूषण से धरती की आबोहवा दूषित होने के साथ ही आग भी हमारे ईको सिस्टम(पारिस्थितिकी तंत्र) को लगातार प्रभावित कर रही है। प्लास्टिक कचरा पहाड़ों के लिए एक अन्य बड़े खतरे के रूप में उभर रहा है। पहाड़ी क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र होने के कारण यहां बहुत से लोग हर साल घूमने फिरने के लिए आते हैं। विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद हिल स्टेशन ही होते हैं। वास्तव में सच तो यह है कि आजकल पहाड़ प्रदूषण मुक्त क्षेत्र नहीं रह गये हैं और समय के साथ पहाड़ी क्षेत्रों में मानवीय हस्तक्षेप बहुत अधिक होने के का कारण प्रदूषण भी बढ़ा है। हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों पर भी कचरा जमा होने लगा है। आज यदि देश के पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित विभिन्न पर्यटन स्थलों पर नजर दौड़ाएं तो हम यह पायेंगे कि पर्यटन स्थलों पर आज सबसे अधिक प्लास्टिक कचरा है। हैरत यह है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आज कोई भी गंभीर नजर नहीं आता हैं। हिमाचल सरकार ने प्रदेश में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, उत्तराखंड में भी प्लास्टिक पर प्रतिबंध है, लेकिन गंभीर है कि प्लास्टिक का कचरा पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहा है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि देश में 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक की चीजों को बनाने, बेचने और इस्तेमाल करने पर सरकार द्वारा पाबंदी लगाई गई है। इस पाबंदी का मतलब इन चीजों को बनाना, आयात करना, जमा करना, इनका डिस्ट्रिब्यूशन करना, इनकी सेल करना, इस्तेमाल करने आदि पर रोक है। वास्तव में इन सामानों की उपयोगिता कम है और तुरंत फेंक दिया जाता है। प्लास्टिक को अमूमन लोग इस्तेमाल के बाद यत्र यत्र यूं ही खुले में फेंक देते हैं और इससे शहरों की नालियां, सीवरेज व्यवस्था गड़बड़ा जाती है। जब बारिश होती है तो यह पानी के साथ बहकर नदी-नालों में जमा हो जाता है। इससे जल प्रदूषण होता है। प्लास्टिक की विघटन प्रक्रिया में सैकड़ों साल लग जाते हैं। इसलिए जब प्लास्टिक हो भूमि के अंदर दबा दिया जाता है तो यह विघटित नहीं हो पाता है और जहरीली गैसें और पदार्थ छोड़ता रहता है। इस कारण वहां की भूमि बंजर हो जाती है। वहां अगर कोई फसल पैदा भी होती है तो उसमें जहरीले पदार्थ मिले होने से यह मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है। प्लास्टिक से ज्यादातर वस्तुएं ऐसी बनाई जाती हैं जो मानव द्वारा इस्तेमाल करने के बाद फेंक दी जाती हैं। इनमें पानी की बोतलें, खिलौने, टूथ ब्रश, पैकिंग का सामान, पॉलीथीन बैग और प्लास्टिक के बॉक्स आदि। प्लास्टिक को खुले में फेंकने पर इसमें आवारा कुत्तों व अन्य जानवरों, पशुओं द्वारा मुंह मारा जाता है और वे भूखे होने के कारण खाद्य वस्तुओं के साथ प्लास्टिक की थैलियों आदि को यूं ही निगल जाते हैं और उनकी असमय मौत हो जाती है। जानकारी देना चाहूंगा कि प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक की कुल 19 चीजों पर सरकार ने पाबंदी लगा दी है। यह सामान यानी वह प्लास्टिक का सामान जो फेंकने से पहले या रिसाइकल करने से पहले सिर्फ एक बार ही अमूमन इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल, सरकार चाहती है कि सिंगल यूज प्लास्टिक को धीरे-धीरे करके कई चरणों में लोगों की ज़िंदगी से हटाया जाए। इसी दिशा में यह कदम उठाया गया है। सरकार का यह कदम वास्तव में अत्यंत काबिलेतारिफ कहा जा सकता है, क्यों कि प्लास्टिक हजारों सालों तक भी गलता सड़ता नहीं है और मानव समेत धरती के प्राणियों को बहुत नुक्सान पहुंचाता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्लास्टिक के कैरी बैग्स या प्लास्टिक (पालीथीन) की थैलियों को इन 19 चीजों में शामिल नहीं किया गया है लेकिन पिछले साल ही यानी कि वर्ष 2022 में ही इनकी मोटाई को बढ़ाकर 50 माइक्रोन्स से 75 माइक्रोन्स कर दिया गया था। सरकार के अनुसार प्लास्टिक युक्त ईयर बड, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक डंडियां, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडियां, पॉली स्टाइरीन की सजावटी सामग्री पर रोक रहेगी। इसके अलावा प्लास्टिक प्लेटें, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, जैसी कटलरी, मिठाई के डब्बों को लपेटने वाली प्लास्टिक फिल्म, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट पैक, 100 माइक्रोन से कम मोटे प्लास्टिक के बने बैनरों पर रोक लगाई गई है। वास्तव में आज प्लास्टिक पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन है और इससे हमारी धरती पर उपलब्ध पहाड़ों को काफी नुकसान पहुंच रहा है, क्यों कि पहाड़ हमारी धरती के प्राकृतिक सौंदर्य को, हमारे पर्यावरण को, हमारी धरती के पारिस्थितिकी तंत्र को सुंदर व अच्छा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। आज प्लास्टिक कचरे से निपटने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। पहले ही जानकारी दे चुका हूं कि ये पदार्थ न तो गलता है और न ही नष्ट होता है। प्लास्टिक जल, भूमि,वायु सभी को किसी न किसी रूप में प्रदूषित करता है और नुकसान पहुंचाता है। सच तो यह है कि प्लास्टिक पदार्थो से उत्पन्न कचरे का निस्तारण काफी कठिन होता है और पृथ्वी पर प्रदूषण में भी इसका काफी अहम योगदान है, जिससे यह भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व के लिए एक बड़ी वैश्विक चिंता का विषय बन गया है। प्लास्टिक बैगों, बर्तनों और फर्नीचर के बढ़ते इस्तेमाल के वजह से प्लास्टिक के कचरे में काफी वृद्धि हुई है, जिससे प्लास्टिक प्रदूषण जैसी भीषण समस्या उत्पन्न हो गयी है। हमें यह चाहिए कि हम प्लास्टिक का या तो उपयोग करें ही नहीं और अन्य विकल्पों को अपनाएं। दूसरे शब्दों में हम यह कह सकते हैं कि प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिये सबसे महत्वपूर्ण कदम यह हो सकता है कि हमें प्लास्टिक के उपयोग से ही बचना चाहिये। आज की भागमभाग की इस जिंदगी में हम इसके उपयोग के काफी हद तक आदि हो चुके है तथा यह काफी सस्ते भी है, इसलिये हम इनके उपयोग को पूरी तरह से बंद नही कर सकते हैं। हालांकि हम उन प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग को आसानी से बंद कर सकते है, जिनके इको-फ्रैंडली विकल्प उपलब्ध हैं। उदाहरण के लिये , बाजार से सामान खरीदते समय हम प्लास्टिक बैग के जगह हम जूट, कपड़े या पेपर से बने बैगों का इस्तेमाल कर सकते हैं। ठीक इसी तरह पार्टियों और उत्सवों के दौरान हम प्लास्टिक के बर्तन और अन्य सामानों का उपयोग के जगह हम स्टील, कागज, थमाकोल या अन्य उत्पादों से वस्तुओं का उपयोग कर सकते हैं, जिनका आसानी से पुनरुपयोग और निस्तारण किया जा सके।यदि हम प्लास्टिक बैगों, थैलियों और प्लास्टिक से बनी अन्य वस्तुओं का उपयोग बंद नहीं कर सकते हैं तो कम से कम उन्हे फेंकने से पहले जितनी बार भी हो सके उनका कम से कम उनका पुनरुपयोग करना चाहिए। प्लास्टिक को खुले में जलाना कभी भी नहीं चाहिए, क्यों कि इसे जलाना तो और भी अधिक खतरनाक साबित हो सकता है। जानकारी देना चाहूंगा कि प्लास्टिक को जलाने से वातावरण तो दूषित होता ही है, इससे निकलने वाले जहरीले धुएं से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

प्लास्टिक को न तो खुले में फेंकना चाहिए और न ही जलाना चाहिए। इसे जितना हो सके रीसाइकल किया जाना चाहिए। जानकारी देना चाहूंगा कि हर साल करोड़ों टन प्लास्टिक वेस्ट को ऐसे ही बिना उपचार के वातावरण में छोड़ा जा रहा है जो हवा, पानी और फसलों के जरिए लौटकर वापस हमारे पास ही आ रहा है।

# आखिर सचिन पायलट का इरादा क्या है?

अमरपाल सिंह वर्मा

**सचिन** पायलट ने राजस्थान के दौसा में 11 जून को अपने पिता की पुण्यतिथि मनाई। उन्होंने पिता को श्रद्धासुमन अर्पित किए लेकिन किसी नई पार्टी का एलान नहीं किया। तमाम राजनीतिक विश्लेषक कई दिनों से इस बात की संभावना जता रहे थे कि सचिन 11 जून को पिता राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर नई पार्टी की घोषणा कर कांग्रेस को खुली चुनौती दे सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। अब राजनीतिक गलियारों में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर पायलट का इरादा क्या है? चार साल से सीएम अशोक गहलोत के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे सचिन पायलट को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। उन्होंने 2020 में साथी विधायकों के साथ गहलोत के खिलाफ बगावत की अगुवाई की थी। इसका खामियाजा उन्हें डिप्टी सीएम तथा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष की कुर्सी खोकर भुगतना पड़ा। इस घटनाक्रम के बाद गहलोत और पायलट के बीच आई कटुता जगजाहिर है। पिछले साल गहलोत को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर राज्य में सत्ता परिवर्तन का प्रयास तब फ्लॉप हो गया, जब गहलोत समर्थक विधायकों ने विधायक दल की बैठक का ही बहिष्कार कर दिया। तब पायलट के सीएम बनने के मंसूबे धरे रह गए। अति महत्वाकांक्षी पायलट ने इसे अपनी पराजय माना और लगातार गहलोत के खिलाफ खुला मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने अप्रेल महीने में वसुंधरा राजे सरकार के कथित भ्रष्टाचार की जांच के मुद्दे पर एक दिन का अनशन करके गहलोत को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की। इसके बाद मई में पायलट ने बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर अजमेर से जयपुर तक पांच दिवसीय जन संघर्ष यात्रा निकालकर तेवर दिखाए। इस यात्रा के दौरान पायलट ने अपने कार्यकताओं में जोश भरने के लिए कहा था कि मौसम बदल रहा है। हम अपनी मंजिल पर पहुंचेंगे लेकिन राजनीति के जादूगर कहे जाने वाले गहलोत ने मौसम को बदलने नहीं दिया है। वर्ष 2018 में राज्य में कांग्रेस के बहुमत में आने पर सचिन को उम्मीद थी कि सीएम उन्हें ही बनाया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद गहलोत और पायलट के बीच दूरियां बढ? लगीं। अब तो यह स्थिति मतभेदों और मनभेदों से भी कहीं आगे जा चुकी है। पिछले दिनों राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडगे ने पायलट और गहलोत को दिल्ली बुलाकर उनसे बात की। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने दोनों नेताओं में सुलह का एलान किया लेकिन धरातल पर कुछ बदला नहीं दिख रहा है। दौसा में पिता की पुण्यतिथि पर सचिन ने भले ही नई पार्टी बनाने जैसा कोई कदम नहीं उठाया लेकिन पूर्ववर्ती वसुंधरा सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच में निष्क्रियता के लिए गहलोत सरकार पर निशाना साधने से बाज नहीं आए। दरअसल, सचिन ने पिछले दिनों राजस्थान लोक सेवा आयोग को भंग करके इसका पुनर्गठन करने, सरकारी नौकरियों के पेपर लीक होने से प्रभावित बेरोजगारों को मुआवजा देने और वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग उठाई थी लेकिन इस पर कोई कदम उठाने के बजाय गहलोत ने दिमागी दिवालियेपन की बात कह डाली।

कांग्रेस आलाकमान चाहे कितना ही सुलह होने की बात कहे लेकिन दोनों तरफ तलवारें खिंची हुई हैं। ऐसे में भविष्य की तस्वीर क्या नजर आती है? हिमाचल और कर्नाटक में पार्टी की सरकार बनने से उत्साहित कांग्रेस आलाकमान चाहता है कि राज्य में यह कलह समाप्त हो और सब एकजुट होकर चुनाव लडकर फिर से पार्टी की सरकार बनाएं। पार्टी की मंशा पूरी करने के लिए गहलोत लोक-लुभावन घोषणाओं और योजनाओं की बौछार करके जहां जनता को खुश करने की कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, वहीं कांग्रेस आलाकमान भी उनकी सरकार की तारीफों के पुल बांध रहा है।

# नवीन प्रगति का इतिहास रचता भारत

संजीव

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी अमेरिका यात्रा से यह स्पष्ट हो गया है कि अब भारत किसी भी देश की मदद का मोहताज नहीं है और विकास के इस नए सोपान में अमेरिका, ब्रिटेन,फ्रांस ,ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा, इजराइल और एशिया के अरब देश के देश प्रमुख भारत के साथ मित्रता का व्यवहार रखना चाहते हैं। भारत और विश्व के अर्थशास्त्रियों के हिसाब से भारत आगामी 5 वर्षों के भीतर विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगा और भारत की सेना विश्व की चौथी बड़ी थल सेना बन कर उभरेगी और आगामी दशक में भारत का परचम पूरे विश्व में लहराने लगेगा, यह एक विदित सत्य है कि आज भारत की स्थिति में विश्व का हर बड़ा और मजबूत देश भारत के साथ या तो सामरिक या आर्थिक अथवा राजनैतिक संबंध मजबूत बनाना चाहता है क्योंकि भारत एशिया की बड़ी शक्ति बन चुका है, चाइना को भारत की शक्ति और प्रगति रास नहीं आ रही है इसीलिए नाना प्रकार के हथकंडे भारत के विरुद्ध अपनाने में लगा हुआ है।

आइए एक नजर डालते हैं भारत के विकास पर, भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न द्दष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत आने वाले समय में एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आएगा। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्त रूप दिया गया था। समय समय मैं सरकारें बदलती रहे और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढता रहा। आज वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी में भी अहम स्थान रखता है।

सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है ।अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति मैं भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है।

## कत्ल में वांछित समेत चार दबोचे




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व तीन वारंटी गिरफ्तार किये है।

सोमवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा रामाधार सिंह ने विद्युत अधिनियम के वारंटी सीताराम उर्फ दादू उर्फ सुनील पांडे पुत्र चुन्नू पांडे निवासी कालूपुर पाही को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा रामाधार सिंह, फरीदुद्दीन शामिल रहे।

कोतवाली कर्वी के दरोगा मुन्नीलाल की टीम ने विद्युत अधिनियम के वारंटी बालेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र मुन्नूलाल गुप्ता निवासी कर्वी को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा मुन्नीलाल व दीवान भारत सिंह शामिल रहे। सरधुआ थाने के दरोगा राजेश कुमार राय की टीम ने वांछित भारत पुत्र राजनारायण निवासी हरिशनपुर को घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल डंडे के साथ गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा राजेश कुमार राय, दीवान अरविन्द सोनी शामिल रहे। चैकी प्रभारी सरैंया चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने विद्युत अधिनियम के वारंटी ओमप्रकाश पाण्डेय पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी हनुवा को गिरफ्तार किया है। टीम में चैकी प्रभारी चन्द्रमणि पाण्डेय, सिपाही रविशंकर यादव, सिपाही दुर्गेश कुमार शामिल रहे।

## 13 जून से बंटेगी खाद्यान्न सामग्री: डीएमओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि केन्द्र सरकार ने गरीब लाभार्थी अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी को एक जनवरी 2023 से एक वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न देने का निर्णय लिया है।

सोमवार को डीएसओ संजय मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत माह जून के सापेक्ष निःशुल्क खाद्यान्न वितरण 13 जून से 22 जून तक होगा। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा खाद्यान्न (14 किग्रा गेहूं व 21 किग्रा चावल) व पात्र गृहस्थी राशन कार्डों को प्रति यूनिट पांच किग्रा खाद्यान्न प्रति यूनिट (दो किग्रा गेहूं व तीन किग्रा चावल) का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को अप्रैल, मई, जून त्रैमास के सापेक्ष तीन किग्रा चीनी प्रति कार्ड 18 रुपये प्रति किग्रा की दर से दी जायेगी। खाद्यान्न गेहूं-चावल के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा रहेगी। विक्रेता उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी वितरण के सम्बन्ध में पोर्टिबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। इस अवधि में जिलाधिकारी स्तर से नामित नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में खाद्यान्न वितरण होगा।

## नमामि गंगे की खुदी नाली में गिरने से युवक की गई जान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में विभिन्न स्थानों पर हर घर जल योजना के तहत सडकों व गलियों की खुदाई होने से लोग आये दिन हादसे के शिकार हो रहे हैं। सडकों की खुदाई लोगों की मौत का सबब बन रही है।

ऐसा ही एक हादसा मारकुंडी थाने के मजरा किहुनिया के 25 वर्षीय युवक विजय के साथ हुआ। बताया गया कि हर घर जल योजना के तहत बिछने वाले पाइप के लिए बनी नाली की चपेट में आने से विजय की मृत्यु हो गई। वह जब मोटरबाइक से अपनी ससुराल जा रहा था। हर घर जल योजना से खुदी नाली में गिर गया। इससे मोटरबाइक में बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें गंभीर दशा में इलाज को प्रयागराज भेजा गया था।

हर घर जल योजना के तहत खुदी नालियों को संबंधित विभाग बंद नहीं करा रहा है। इसका खामियाजा लोगों को जान देकर चुकाना पड रहा है। इस बाबत कई बार खबरें छपने के बाद भी विभाग नहीं चेत रहा। जिला प्रशासन भी खुदी नालियों के प्रति उदासीन है। खुदी नालियों से आये दिन हादसे हो रहे हैं।

## विश्व योग दिवस की तैयारी शुरू , नि:शुल्क योग शिविर

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** विश्व योग दिवस 21 जून की तैयारियों में महिला पतंजलि योग समिति तेजी से लगी है। विश्व योग दिवस की तैयारियों को अभी से शिविर लगाये जा रहे हैं।

सोमवार को योगाभ्यास शिविर में भारत स्वाभिमान की महामंत्री मीरा श्रीवास्तव ने बताया कि दस से 12 जून तक योग शिविर जारी रहा है। सवेरे पांच बजे से सात बजे तक निःशुल्क योग शिविर सुंदर घाट गंगाजी रोड किनारे नई बाजार में चल रहा था।

शिविर में लालमणि वीणा बांध्वकर, सरिता अग्रवाल, रामादेवी, बेबी, शोभा, ज्योति, मनीषा समेत चार दर्जन महिलायें एवं बच्चे शामिल हुए। जिला महिला प्रभारी मंजू केसरवानी ने बताया कि अब तीन दिन निःशुल्क योग शिविर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को चित्रकूट इंटर कॉलेज में लगाए जाएंगे।

## जंगल में अचानक गुलदार सामने आ जाने से एक युवक की निकल गई चीख

**बिजनौर,हल्दौर।** जंगल में अचानक गुलदार सामने आ जाने से एक युवक की चीख निकल गई। मौके से भाग कर उसने अपनी जान बचाई। जंगल में गुलदार देखे जाने से किसानों में भय व्याप्त है।

नगर के मोहल्ला भूड़ निवासी राजेंद्र सैनी ने गांव बल्दिया-फड़ियापुर मार्ग स्थित रमेश सिंह का आम का बाग ठेके पर ले रखा है। राजेंद्र सिंह के पुत्र संजीव कुमार के अनुसार शनिवार की देर शाम करीब 9:30 बजे वह बाइक पर सवार होकर उक्त बाग से अपने घर वापस आ रहा था। इसी दौरान जंगल में जब वह सगेन्द्र सिंह के चक के पास पहुंचा तो उसने चकरोड पर एक गुलदार को देखा। अचानक अपने निकट गुलदार को देखकर संजीव की चीख निकल गई। उसने वहां से भागकर कर अपनी जान बचाई।

ईदगाह मार्ग स्थित अपने नलकूप पर पहुंचकर उसने रास्ते में गुलदार मिलने की सूचना फोन पर अपने परिजनों को दी। उसके परिजन व अन्य मोहल्लेवासी मुकेश कुमार, नरेश कुमार सौरभ कुमार, विपिन सैनी, नितिन, राजेश सैनी, विकास कुमार आदि लाठी-डन्डे लेकर मौके पर पहुंचे और गुलदार की तलाश की लेकिन गुलदार का कहीं पता नहीं लगा।

# एआईजी स्टाम्प के बैठक में गैरहाजिरी पर डीएम हुए खफा

## डीएम ने विभिन्न विभागों की वसूली पर दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कर करेत्तर, राजस्व वसूली एवं चकबंदी कार्यो की समीक्षा बैठक में एआईजी स्टाम्प के हिस्सा न लेने पर एडीएम से कहा कि जिले का कार्यभार ग्रहण किए चार माह हो गए हैं। एक भी बैठक में हिस्सा नहीं लिया। जिलाधिकारी बांदा को पत्र भेजकर वेतन रोकने की कार्यवाही करायें।

सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए वाणिज्य कर एवं विद्युत विभाग की वसूली लक्ष्य के सापेक्ष कम होने पर प्रगति के निर्देश दिये। जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह से कहा कि मऊ तहसील में सिलका सैड के पट्टे में उपजिलाधिकारी मऊ, वन विभाग के साथ संयुक्त सर्वे कर कार्यवाही करायें। एडीएम से कहा कि तहसीलों पर विभिन्न विभागों की आरसी वसूली की नोटिस में माह का लक्ष्य निर्धारित कर वसूली करायें। उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों से कहा कि विद्युत, बैंक देय, वाणिज्य कर, स्टाम्प आदि विभागों की आरसी वसूली संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अभियान चलाकर करायें। अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निकाय के टैक्स वसूली के लक्ष्य में जिन लोगों को बिल दिये हैं, जमा न करने वालों



पर ब्याज लगाकर वसूली करायें। उप जिलाधिकारियों से कहा कि खनिज अधिकारी, परिवहन विभाग, पुलिस अधिकारियों के साथ अभियान चलाकर अवैध खनन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में अवैध खनन ओवरलोड की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानिकपुर के विभागीय कार्यों में रुचि न लेने पर एडीएम से कहा कि वेतन रोकने की कार्यवाही करें। तहसीलदारों से कहा कि बड़े बकायेदारों से वसूली में प्रगति करायें। शासन से जारी निदेर्शों में वरासत दर्ज करने के अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनायें। गांव में कोई भी अविवाहित वरासत शेष नहीं रहनी चाहिए। कानूनगो-लेखपाल गांव में जाकर शिविर लगाकर वरासत करायें। बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिए कि चयनित गांव में चकबंदी के कार्य में प्रगति करायें। चकबंदी में कहीं कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एडीएम न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम रामजन्म यादव, सतीशचंद्र, शना अख्तर मंसूरी, एसडीएम सदर राजबहादुर, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, मऊ नवदीप शुक्ला, राजापुर प्रमोद कुमार झा, उप निबंधक कर्वी राजेश सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत आरएस वर्मा, जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र कुमार, उप आयुक्त वाणिज्य कर आरके सोनी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# हरियाणा में गिरफ्तार किसानों के समर्थन में उतरा भाकियू

## तहसीलदार को सौंपा राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह राही की अगुवाई में राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि ग्रेटर नोएडा में हरियाणा में गिरफ्तार किसानों को रिहा किया जाये। किसानों की मांगों को पूरा करने को ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण कार्यालय के सामने 23 अप्रैल से किसान शांति पूर्वक धरना दे रहे थे।



सोमवार को भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह राही की अगुवाई में किसानों ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। कहा कि भूमि अधिग्रहण के बाद किसानों को दस फीसदी विकसित भूमि के प्लाट देने का समझौता पहले हुआ था। जिसे उच्च न्यायालय इलाहाबाद में पेशकर न्यायालय का आदेश हो चुका था, लेकिन प्राधिकरण ने छह फीसदी विकसित प्लाट दिये हैं। किसान दस फीसदी प्लाट देने की मांग कर रहे थे।

भूमिहीनों को 40 वार्गमीटर का प्लाट देने, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लागू कर बाजार रेट का चार गुना देने, बेरोजगारों को रोजगार देने आदि की मांग कर रहे थे। मांगें पूरी करने की बजाय प्राधिकरण प्रशासन ने हठधर्मिता अपनाते हुए किसानों के आंदोलन को तानाशाही से कुचलना चाहा। रात के अंधेरे में आंदोलनरत 33 किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि हरियाणा में सूरजमुखी का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद और एमएसपी की गारंटी की मांग कर रहे किसानों पर हरियाणा सरकार ने लाठी-डंडे बरसा कर दमन का रास्ता अपनाया है। संयुक्त किसान मोर्चा के प्रमुख किसान नेता गुरुनाम सिंह चढूनी समेत दर्जनों किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सरकार ने शांतिपूर्ण धरना दे रहे किसानों पर जो जुल्म किया है, वह निंदनीय है। गिरफ्तार किसानों को रिहा कर किसानों की मांगों को पूरा किया जाए। सूरजमुखी का समर्थन मूल्य देने को हरियाणा सरकार को निर्देशित किया जाये। एमएसपी गारंटी कानून बने, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस हों। इस मौके पर जिला संरक्षक छोटेपीढिया, जिला कोषाध्यक्ष नरेश तिवारी, विनय कुमार त्रिपाठी, नरेश सिंह, अजय कुमार, विजय त्रिपाठी, राकेश सिंह, अर्जुन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग से लाखों की क्षति , तीन घंटे बाद आग पर मिला काबू



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्यालय कर्वी के सिविल लाइन में आर्यावर्त बैंक में देर रात शार्ट सर्किट से आग लगने से कुछ ही देर में आग की लपटों ने विकराल रुप धारण कर लिया। ये देखकर आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना पर दमकल टीमों ने मौके पर पहुंचकर बमुश्किल आग पर काबू पाया। इस दौरान पूरे शहर में अफरा-तफरी का माहौल कायम रहा। वाहनों को भी रुट डायवर्ट करना पडा।

ये अग्निकांड रविवार की रात लगभग साढे नौ बजे हुआ। बताया गया कि जिला मुख्यालय के मिश्रा काम्पलेक्स में ऊपरी मंजिल में आर्यावर्त बैंक का कार्यालय है। शार्ट सर्किट से अचानक बैंक में लगी आग की लपटें इस कदर बढी कि विकराल रुप धारण कर लिया। जैसे ही लोगों की आग पर नजर पड़ी लोग बाहर निकल आए। पुलिस व अग्निशमन को सूचना दी गई। नजदीक होने के बाद भी विलंब से कोतवाली पुलिस पहुंची। इस बीच आग ने बहुत तेजी पकड़ ली थी। बैंक के ऊपर वाले खंड पर एक कंप्यूटर इंस्टीट्यूट चलता है। उसमें भी आग पहुंच गई। वहां लगभग 50 कंप्यूटर रखे थे। आग की लपटों से सभी कंप्यूटर पिघल गए। बताया गया कि बैंक के सभी जरूरी दस्तावेज समेत कैश भी जलकर राख हो गया। तीन घंटे मशक्कत के बाद बमुश्किल आग पर काबू मिल सका।

इस बाबत कर्वी कोतवाल गुलाबचंद त्रिपाठी ने बताया कि अग्निकांड से भारी क्षति हो गई है। बैंक कर्मी क्षति का आंकलन नहीं कर सके हैं। बैंक के ऊपर चल रही इंस्टीट्यूट में लाखों की क्षति हुई है। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय भी आग पर काबू पाने को खासी मशक्कत करते रहे।

# बाल सम्प्रेक्षण गृह जाने वाले बच्चों की करें देखरेख: डीएम

## डीएम ने की त्रैमासिक समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला बाल कल्याण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक में विभिन्न प्रकार के बच्चों को संस्थाओं में आवासित कर उनके पुनर्वास या माता-पिता के पास वापसी को हर संभव प्रयास न करने के कारण राज्य की संस्थाओं में बच्चों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है।



सोमवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रारूप 16 पर मासिक एवं प्रारूप 16 ए पर दत्तक ग्रहण की मासिक रिपोर्ट पर समीक्षा की। कहा कि मिशन वात्सल्य के एमआईएस पोर्टल पर भी डाटा फीडिंग करते रहे। बाल देखरेख संस्थाओं में त्रैमासिक के तहत समिति के आदेश से निवासरत बालक/बालिकाओं की तिथिवार सूची और परिवारों में पुर्नसमेकित किए बालकों की संख्या पर ध्यान दें। जो बच्चे जिले से प्रयागराज बाल संप्रेषण गृह में जाते हैं, उनकी स्थिति क्या है। उनमें क्या सुधार हुए, उसको भी देखते रहें। जो बच्चे आते हैं उनका भी डाटा संकलित करें।

उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी से कहा कि सभी डाटा बनाकर अगली बैठक में दें। जो बालिकायें बालगृह में जा रही हैं, उनको योजनाओं का लाभ मिले। जिला प्रोबेशन अधिकारी से कहा कि जिले में बालगृह को सरकार मांग पत्र भेजे। जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि जो माता-पिता नाबालिक बालक- बालिकाओं का विवाह कराते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करें। मौजूद सभी सदस्यों से कहा कि जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा से तालमेल बनाकर कार्य करें। पास्को आदि के मामले में जिम्मेदारियों से कार्य करें। शासन हमेशा साथ रहेगा। बैठक में उप निदेशक महिला कल्याण विभाग चित्रकूट धाम मंडल बांदा पुष्पेंद्र सिंह, मंडल कोऑर्डिनेट यूनिसेफ बांदा परीक्षित सेठ, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, बाल संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह, बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष राकेश माथुर, श्रीमती उर्मिला, राजेश कुमार दुबे, विवेक कुमार शुक्ल, हिमांशु चतुर्वेदी मौजूद रहे।

## गिरफ्तार किसानों को करें रिहा: रुद्र, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने ग्रेटर नोएडा में हरियाणा में गिरफ्तार किसानों को रिहा करने और किसानों की मांगों के समर्थन में राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर राजबहादुर को सौंपा।

सोमवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र एड की अगुवाई में राष्ट्रपति सम्बोधित एसडीएम सदर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि 23 अप्रैल से किसान शान्तिपूर्ण धरना दे रहे थे। भूमि अधिग्रहण के बाद किसानों को दस फीसदी विकसित भूमि में प्लाट देने का समझौता हुआ था। उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने आदेश भी कर दिया है, लेकिन प्राधिकरण ने छह फीसदी विकसित प्लाट दिये हैं। किसान दस फीसदी प्लाट देने की मांग कर रहे थे। किसान बेरोजगारों को रोजगार देने की भी मांग कर रहे थे। प्रशासन ने तानाशाही ढंग से किसानों के आन्दोलन को कुचला है। रात के अंधेरे में आन्दोलन रत 33 किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

उन्होंने मांग उठाई कि गिरफ्तार किसानों को रिहाकर किसानों की मांगों को पूरा किया जाये। सूरजमुखी का समर्थन मूल्य दिया जाये। एमएसपी गारंटी कानून बने किसानों पर दर्ज मामले वापस लिए जायें। इस मौके पर रामप्रताप विश्वकर्मा, अजय सिंह एड, शिवम द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# घटिया सामग्री से गौरीशंकर बना रहा सडक

## समाजसेवी ने विधायक से की जांच की मांग

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर तहसील के सेमरदहा गांव में समाजसेवी नवल त्रिपाठी ने क्षेत्रीय विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी को लिखे पत्र में कहा कि मालिन टंकी से बौना पुरवा संपर्क मार्ग निमार्णाधीन है। प्रधानमंत्री सडक योजना से इस सड़क का निर्माण बेहद घटिया ढंग से हो रहा है। गौरीशंकर मिश्रा इस सडक का निर्माण करा रहा है।

सोमवार को सेमरदहा गांव के समाजसेवी नवल त्रिपाठी ने क्षेत्रीय विधायक को लिखे पत्र में कहा कि मालिन टंकी से बौना पुरवा तक प्रधानमंत्री सडक योजना से घटिया किस्म से सडक निर्माण किया जा रहा है।

ये सडक एक ओर बन रही है तो दूसरी ओर उखड रही है। ठेकेदार गौरीशंकर मिश्रा बेहद घटिया सामग्री का प्रयोग कर रहा है। उन्होंने विधायक से अनुरोध किया कि इस सड़क की गुणवत्ता को शासन के मानक के अनुसार बनवाया जाये। समाजसेवी ने कहा कि प्रधानमंत्री सडक योजना के अधिकारियों को सडक निर्माण की देखरेख करने को कहा जाये। सड़क का उद्घाटन सांसद आरके सिंह पटेल व क्षेत्रीय विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने संयुक्त रूप से एक वर्ष पहले किया था।

इस सड़क को एक वर्ष पहले उखाड़कर फेंक देने से तमाम लोगों के हाथ-पैर टूटने के साथ तमाम गाडियां नष्ट हुई हैं। घटिया सडक निर्माण होने से क्षेत्र के चार-पांच गांव के लोगों में आक्रोश है। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक से मांग किया कि सड़क को गुणवत्तापूर्ण बनवाने में सहयोग करें, ताकि सडक लम्बे समय तक चल सके।

# पितृ सुख से वंचित छात्रा को गोद लेगी महासभा

**आगरा। भारतीय** माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा इस वर्ष किसी भी बोर्ड से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण, पितृ सुख से वंचित छात्रा को उच्च शिक्षा हेतु गोद लेगा, इसके लिए छात्राओं को सिर्फ दिए गए नंबर पर व्हाट्सएप कर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

इस बारे में जानकारी देते हुए महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता ने बताया कि पिता के ना रहने पर अनेक छात्राएं इंटर के बाद आर्थिक अभाव में घर बैठ जाती हैं, ऐसी निर्धन छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए महासभा ने प्रण लिया है कि वह प्रत्येक वर्ष दानदाताओं के सहयोग से ऐसी छात्राओं को गोद लेकर उन्हें उच्च शिक्षित बनाएगा ताकि समाज की छात्राएं भी आगे बढ़कर डॉक्टर, वकील, सीए, आईएएस, पीसीएस बनाकर अन्य प्रतिभाओं में शामिल हो सके तथा समाज का नाम रोशन कर सकें।

श्री गुप्ता ने बताया इस वर्ष ऐसी ही पितृ सुख से वंचित एक छात्रा को गोद लेने के लिए श्री बसंत लाल- शकुंतला देवी गांगिल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा एक छात्रा को गोद लिये जाने की स्वीकृति मिल चुकी है।

अन्य छात्राओं को गोद लिए जाने के लिए समाज के वरिष्ठ, धनकुबेरों से आगे आने की अपील की गई है। इसके अलावा आमंत्रित आवेदनों के आधार पर अन्य पात्र छात्राओं को भी अंशदान स्वरूप स्कॉलरशिप के रूप में सहयोग राशि प्रदान की जाएगी।

राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मूलचंद गांगिल ने बताया कि वर्ष 2023 में किसी भी बोर्ड से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्रा प्रभारी नरेश चंद्र गुप्ता मोबाइल नंबर 9425338962 अथवा राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता एडवोकेट को 98372 82347 पर व्हाट्सएप के माध्यम से अपने प्रमाण पत्र वह आवेदन प्रेषित कर सकती हैं इसकी अंतिम तिथि 15 जून 2023 रखी गई है।

## बलूचिस्तान में पूर्व मंत्री के रिश्तेदार और पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान प्रांत के ग्वादर में बंदूकधारियों ने एक पूर्व प्रांतीय मंत्री के बहनोई के साथ-साथ एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब्दुल कय्यूम बुलेदी को मोटरसाइकिल सवार लोगों ने उस समय गोली मार दी जब वह अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। कय्यूम बुलेदी बलूचिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री जहूर बुलेदी के साले थे।



लेवी के एक अधिकारी ने कहा, कय्यूम बुलेदी को कई गोलियां लगने के बाद मौके पर ही मौत हो गई। शव को निकटवर्ती अस्पताल में भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि जहूर बुलेदी हाल ही में पीपीपी में शामिल हुए थे। एक अन्य घटना भी सामने आई, जिसमें पुलिस की विशेष शाखा के प्रमुख मोहम्मद रफीक को एक हमले में गोली मार दी गई थी, जब वह एक दोस्त से बात कर रहे थे।

## द्विपक्षीय संबंधों के लिए मील का पत्थर साबित होगा मोदी का अमेरिका दौरा

**वाशिंगटन।** अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के लिए बड़ा मील का पत्थर साबित होगी। भारत व अमेरिका के बीच संबंधों का मॉडल दिखाता है कि दो रणनीतिक साझेदार कैसे सभी क्षेत्रों में एक साथ काम कर सकते हैं। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष जॉन चैंबर्स ने कहा, मैं हमेशा से भारत, उसके भविष्य व वैश्विक मंच पर उसके नेतृत्व से आर्थिक रूप से क्या हासिल किया जा सकता है, इसका बड़ा समर्थक रहा हूं। सिस्को के चेयरमैन एमेरिटस व जेसी2 वेंचर्स के संस्थापक चैंबर्स ने कहा कि भारत व अमेरिका दुनिया के सबसे मजबूत रणनीतिक साझेदार हो सकते हैं।

यह साझेदारी न केवल दोनों देशों के बीच कारोबार, बल्कि भारत के 28 राज्यों व केंद्र-शासित प्रदेशों तथा अमेरिका के 50 प्रांतों में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी। कहा, जब दो सबसे बड़े लोकतंत्र इस मामले में साझा दृष्टिकोण रखते हैं कि प्रौद्योगिकी दोनों देशों के भविष्य के लिए क्या कर सकती है यह लोगों के जीवन स्तर, रोजगार सृजन व रक्षा क्षेत्री की मजबूती के लिए क्या कर सकती है, तो ऐसे देशों का एक साथ आना दुर्लभ ही है, जो अब हो रहा है। चैंबर्स ने कहा, अगर एशिया में मुझे किसी एक देश पर शर्त लगानी हो, तो वह भारत होगा। दो देशों पर शर्त लगानी हो, तब भी दोनों बार भारत होगा। उन्होंने पीएम मोदी को करिश्माई नेता करार देते हुए कहा, मैंने लगभग 40 वर्षों में ऐसा नेता नहीं देखा। वह न सिर्फ अपनी दृष्टि साझा कर सकते हैं, बल्कि उसके बारे में लोगों को उत्साहित करने के साथ-साथ उसे पूरा करने की भी क्षमता रखते हैं।

## न्यू साउथ वेल्स में हुए एक बस हादसे में 10 लोगों की मौत, 11 घायल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के हंटर वैली क्षेत्र में एक बस सड़क पर पलट गई। घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि 10 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 11 लोगों को हेलीकॉप्टर और सड़क मार्ग से अस्पताल ले जाया गया था। इसके अलावा, 18 यात्री सकुशल बच गए। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद मौके पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। जिसके बाद बड़े पैमाने पर आपातकालीन अभियान चलाया गया। समाचार रिपोर्ट के अनुसार, अनिवार्य परीक्षण और मूल्यांकन के लिए बस के चालक को पुलिस सुरक्षा में अस्पताल ले जाया गया। सड़क और हवाई मार्ग से घायल पीड़ितों को हंटर वैली के कई अस्पतालों में ले जाया गया, जिसमें न्यू लैंबटन हाइट्स में जॉन हंटर अस्पताल और वारताह में मेटर अस्पताल शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक एक क्राइम सीन तैयार किया जाएगा, जिसका सोमवार को विशेषज्ञ फॉरेंसिक पुलिस और क्रैश इन्वेस्टिगेशन यूनिट द्वारा विश्लेषण किया जाएगा। सेस्नॉक के मेयर जय सुवाल ने बस दुर्घटना को भयावह बताया।




## पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ भूमि घोटाले में मामला दर्ज

**लाहौर।** पाकिस्तान में आर्थिक बदहाली के साथ पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर एक और मामला दर्ज किया गया है। उन पर पंजाब प्रांत में धोखाधड़ी के जरिए औने-पौने दाम पर 5,000 कनाल (625 एकड़) भूमि की खरीद का आरोप लगा है।

पिछले साल अप्रैल माह में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद से बेदखल होने के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान (70) के खिलाफ दर्ज मामलों की संख्या अब बढ़कर 140 से अधिक हो गई है। खान के खिलाफ ज्यादातर मामले आतंकवाद, लोगों को हिंसा के लिए उकसाने, आगजनी, ईशनिंदा, हत्या के प्रयास, भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी से संबंधित हैं। पंजाब के भ्रष्टाचार रोधी प्रतिष्ठान (एसीई) ने खान के खिलाफ नया मामला दर्ज किया है। खान की बहन उज्मा खान, उनके पति एवं पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। एसीई ने कहा, खान और अन्य संदिग्धों के खिलाफ पंजाब के लैय्याह जिले में 5,261 कनाल महंगी जमीन सस्ती दरों पर खरीदने का आरोप है। उन्होंने जमीन 6 अरब पाकिस्तानी रुपये की वास्तविक कीमत के मुकाबले 13 करोड़ पाकिस्तानी रुपये में खरीदी। इसने बताया कि संदिग्ध ने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए स्थानीय लोगों की 500 कनाल जमीन हड़प ली, जो वहां कई वर्षों से रह रहे थे। एसीई के मुताबिक, लाहौर के जमान पार्क इलाके में उज्मा और उनके पति को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की गई, लेकिन वे भागने में सफल रहे। एसीई ने बताया कि मामले में मुख्य संदिग्ध उज्मा है क्योंकि जमीन (5,000 एकड़ से अधिक) उनके नाम पर है।




## चीनी युद्धक विमानों ने एक बार फिर ताइवान की सीमा में की घुसपैठ

**-ताइवान ने युद्धपोत और मिसाइल प्रणाली को किया तैनात**

**ताइपे।** चीन के दस युद्धक विमानों ने एक बार फिर ताइवान की सीमा में घुसपैठ की। इस घुसपैठ के बाद हरकत में आई ताइवान एयरफोर्स ने गश्त बढ़ा दी है। इसके साथ चीन के चार युद्धपोत भी गश्त करते नजर आए। चीन द्वारा एक हफ्ते के भीतर ताइवान सीमा उल्लंघन की यह दूसरी घटना है। गत 37 चीन युद्धक विमानों ने ताइवान के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरी थी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रविवार दोपहर तकरीबन दो बजे 24 चीन युद्धक विमानों की पहचान की गई। इनमें जे-10, जे-11, जे-16 और सू-30 युद्धक विमानों के साथ ही एच-6 बमवर्षक विमान शामिल थे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि विमानों ने कहां से उड़ान भरी, लेकिन बताया गया कि 10 विमानों ने ताइवान की मेडन लाइन को पार किया। उधर चीन ने कहा कि वह इस सीमा को नहीं मानता और गत वर्ष से लगातार इसका उल्लंघन कर रहा है। चीनी गतिविधियों के जवाब में ताइवान ने अपने युद्धक विमान भेजे और स्थिति पर नजर रखने के लिए युद्धपोत व मिसाइल प्रणाली को तैनात कर दिया है।



## यूरोपीय नेताओं ने पलयान रोकने के लिए ट्यूनीशिया की और मदद की पेशकश की

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया की यात्रा पर आए यूरोपीय नेताओं ने इस उत्तरी अफ्रीकी देश में स्थिरता लाने और यहां से प्रवासियों को यूरोप आने से रोकने के लिए एक अरब यूरो से अधिक राशि की वित्तीय मदद देने की पेशकश की।

यूरोपीय नेताओं ने ट्यूनीशिया के लिए समुद्र के भीतर से डाटा केबल बिछाने की परियोजना और नवीनीकरण ऊर्जा परियोजनाओं में भी निवेश करने की घोषणा की। ट्यूनीशिया में निरंकुश रुख अपना रहे राष्ट्रपति कैस सईद ने आर्थिक संकट से गुजर रहे देश को अंतरराष्ट्रीय मदद दिलाने की प्रक्रिया को सुचारु बनाने के उद्देश्य से वार्ता के लिए इटली, नीदरलैंड और यूरोपीय संघ (ईयू) के नेताओं की मेजबानी की।

प्रवासन की समस्या से निपटने के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा किया गए समझौते के लिए ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति कैस सईद का समर्थन अहम है। यूरोपीय नेताओं से वार्ता की पूर्व संध्या पर सईद ने तटीय शहर स्फैक्स के प्रवासी शिविर का दौरा किया था। यह वह स्थान है जहां से प्रवासी भूमध्य सागर पार इटली के लिए नौका से यात्रा करते हैं। सईद ने शिविर में रह रहे परिवारों से बात की और पूरे अफ्रीका से यूरोप जाने के लिए ट्यूनीशिया पहुंचे लोगों के लिए अंतरराष्ट्रीय मदद की गुहार लगाई।



ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति कैस सईद और प्रधानमंत्री नजला बौदेन ने रविवार को इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सला वोन डेर लिएन से मुलाकात की। वार्ता के बाद वोन डेर लिएन ने ट्यूनीशिया की मदद के लिए पांच सूत्रीय योजना की घोषणा की, जिनमें 1.05 अरब यूरो की बजटीय सहायता की घोषणा शामिल है। उन्होंने कहा कि संबंधित योजना पर जून के अंत में होने वाले 27 सदस्यीय ईयू सम्मेलन में चर्चा की जाएगी। लिएन ने कहा कि बजटीय सहायता के अलावा ईयू ट्यूनीशिया के लिए हाई स्पीड ब्रॉडबैंड और अन्य डिजिटल अवसंरचना, 30 करोड़ यूरो हाइड्रोजन और अन्य नवीनीकरण ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश के लिए चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि पांच सूत्रीय योजना में ट्यूनीशियाई अधिकारियों को प्रवासियों की तलाशी व बचाव कार्य एवं तस्करी रोधी अभियान के लिए 10 करोड़ यूरो मुहैया कराना शामिल है।

## नेपाल की संसद में प्रधानमंत्री प्रचंड के इस्तीफे की मांग

**काठमांडू।** नेपाल की राष्ट्रीय प्रजातांत्रिक पार्टी (आरपीपी) के सांसद ज्ञान बहादुर शाही ने संसद में प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के इस्तीफे की मांग की। शाही ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में युद्ध अपराधों से जुड़ी याचिका स्वीकार होने के बाद प्रचंड को नैतिकता के आधार पर अपना पद छोड़ देना चाहिए। शाही ने संसद में कहा कि सुप्रीम कोर्ट में युद्ध अपराधों का मामला दर्ज किया गया है और उन्हें 13 जून को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन माओवादी लड़ाके लेनिन बिस्ट ने प्रधानमंत्री प्रचंड और पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टराई के खिलाफ युद्ध अपराध के आरोप में सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है।



## रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच दुनियाभर में बढ़े परमाणु हथियार, चीन ने की सबसे ज्यादा वृद्धि, पाक ने भी बढ़ाए

**वाशिंगटन।** पिछले कुछ समय से चीन के साथ कई देशों का तनाव बढ़ गया है। चीन से सटी भारत की सीमा पर लगातार तनाव देखने को मिल रहा है। इसी बीच एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें भारत, पाकिस्तान और चीन समेत कई देशों के परमाणु हथियारों के जखीरों के बारे में बताया गया है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन बहुत तेजी से परमाणु हथियार बना रहा है। हालांकि, भारत और पाकिस्तान ने भी पिछले एक साल में परमाणु हथियारों की संख्या को बढ़ाया है।

**86 नए परमाणु हथियार**

एसआईपीआरआई के निदेशक डैन स्मिथ ने कहा कि कई देशों के परमाणु शस्त्रागार पिछले साल बढ़े। इनमें चीन सबसे आगे रहा, जबकि अन्य परमाणु शक्तियों ने भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के साथ-साथ उनका आधुनिकीकरण जारी रखा। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में परमाणु हथियारों की संख्या में आई कमी अब समाप्त होने की कगार पर है एक साल पहले की तुलना में प्रमुख शक्तियों के सैन्य शस्त्रागार में अब 86 अधिक परमाणु हथियार हैं।



**इस साल घटी थी संख्या**

सिप्री के अनुसार, नौ परमाणु शक्तियों ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, भारत, इजरायल, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका में परमाणु हथियारों की कुल संख्या 2023 की शुरुआत में घट गई थी। पिछले साल की शुरुआत में हथियारों की संख्या 12,710 थी, जो इस साल की शुरुआत में घटकर 12,512 रह गई। इनमें से करीब 9,576 हथियार सैन्य भंडार में थे, जो एक साल पहले की तुलना में 86 अधिक है। वर्तमान में संख्या 1980 के दशक के दौरान देखी गई 70,000 से अधिक है। इस पर स्मिथ ने कहा कि इस समय भंडार में जितने हथियार है वो प्रयोग करने योग्य हैं।

## स्कॉटलैंड की पूर्व मंत्री निकोला स्टर्जन पार्टी के वित्तीय मामलों में गड़बड़ी के आरोप में गिरफ्तार

**लंदन।** स्कॉटलैंड की राजनीति में कई वर्षों तक अपना दबदबा रखने वालीं पूर्व मंत्री निकोला स्टर्जन को उनकी पार्टी के वित्तीय मामलों में गड़बड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। स्वतंत्रता की समर्थक स्कॉटिश नेशनल पार्टी के वित्तीय मामलों में गड़बड़ी की जांच कर रही पुलिस ने निकोला को गिरफ्तार किया। स्कॉटलैंड की पुलिस ने कहा कि 52 वर्षीय निकोला को स्कॉटिश नेशनल पार्टी के वित्त पोषण और उसके वित्तीय मामलों में चल रही जांच के संबंध में एक संदिग्ध के रूप में हिरासत में लिया गया। पुलिस ने कहा, वे हिरासत में हैं और पुलिस स्कॉटलैंड के जासूसों से पूछताछ कर रही है। ब्रिटेन की पुलिस संदिग्धों का नाम तब तक नहीं लेती, जब तक उन पर आरोप नहीं लगाया जाता। बीबीसी और अन्य मीडिया संस्थानों ने गिरफ्तार महिला की पहचान निकोला के रूप में की है। उनकी पार्टी ने अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।



## भारत को झटका! चीन के कहने के बाद पहली बार रूस ने पाकिस्तान को पहुंचाया कच्चा तेल

**इस्लामाबाद।** रूस से सस्ते कच्चे तेल की पहली खेप कराची बंदरगाह पहुंच चुकी है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने यह जानकारी दी है। पाकिस्तान में जारी महंगाई और तेल की आसमान छूती कीमतों के बीच यह राहत की बड़ी खबर है। बता दें कि पाकिस्तान भारी कर्ज और लगातार उसकी मुद्रा में आ रही गिरावट से जूझ रहा है। ऐसे में रूस से पहली खेप के रूप में 45 हो जाएगी। यह एक बदलाव का दिन है। हम समृद्धि, आर्थिक विकास और ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक कदम और आगे बढ़े हैं।' पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि 'यह रूस और पाकिस्तान के बीच नए रिश्तों की शुरुआत है।'



अगर सबकुछ सही रहता है तो पाकिस्तान, रूस से हर दिन एक लाख बैरल तेल की खरीद कर सकता है। पाकिस्तान में इन दिनों एक लीटर पेट्रोल की कीमत करीब 262 पाकिस्तानी रुपए है। रूस से सस्ता तेल मिलने से पाकिस्तान के आम उपभोक्ताओं को महंगाई से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

**दिसंबर 2022 से चल रही थी बातचीत**

पाकिस्तान और रूस के बीच सस्ते तेल की खरीद के लिए बीते साल दिसंबर से बातचीत चल रही थी। पहले रूस ने 30 प्रतिशत डिस्काउंट पर पाकिस्तान को सस्ता तेल देने से मना कर दिया था लेकिन बाद में जनवरी में रूस और पाकिस्तान के बीच फिर बातचीत हुई और अप्रैल में पाकिस्तान ने अपना पहला ऑर्डर दिया। बीते साल पाकिस्तान ने 154000 बैरल तेल प्रतिदिन खरीदा। इसमें से 80 प्रतिशत खरीद सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों से की गई थी। अब पाकिस्तान रूस से एक लाख बैरल तेल प्रतिदिन खरीद सकता है। वहीं चीन और भारत के बाद पाकिस्तान रूस के तेल का सबसे बड़ा खरीददार बनकर उभरा है।

**भारत के लिए झटका**

रूस और पाकिस्तान के बीच कच्चे तेल की यह डील भारत के लिए झटका है। दरअसल भारत और रूस के संबंध मजबूत रहे हैं, जिसके चलते रूस ने पाकिस्तान से एक दूरी बनाकर रखी थी, इसकी वजह पाकिस्तान का अमेरिका के करीब भी होना था। लेकिन बदलते वैश्विक परिदृश्य में अब जहां भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हो रहे हैं, वहीं पाकिस्तान चीन के खेमे में जा चुका है। यूक्रेन युद्ध के चलते रूस पर कई प्रतिबंध लग चुके हैं और वह अलग-थलग पड़ गया है। यही वजह है कि रूस और पाकिस्तान भी करीब आते दिख रहे हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## अमेरिका के फिलाडेल्फिया में ईंधन ले जा रहे टैंकर में लगी आग, गिर गया हाईवे पर बना फ्लाईओवर

**फिलाडेल्फिया।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। यहां इंटरस्टेट 95 पर रविवार को एक ईंधन भरे ट्रक ने अचानक आग पकड़ ली, जिसके बाद हाईवे पर बना फ्लाईओवर ढह गया। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुल को बीच से टूटकर नीचे की सड़क पर गिरते देखा जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना एक पेट्रोलियम पदार्थ ले जा रहे टैंकर में आग लगने की वजह से हुई। इसे बुझाने में दमकल की गाड़ियों को एक घंटे से ज्यादा का समय लग गया। तेल के टैंकर में लगी इस भयानक आग की वजह से आई-95 की उत्तरी सड़कों को काफी नुकसान पहुंचा, वहीं दक्षिण की तरफ पड़ने वाली सड़क भी सुरक्षित नहीं रहीं। दमकल विभाग के मुताबिक, इस आग या गर्मी के चलते सड़क के नीचे भी धमाका हुआ। कुछ देर बाद ही फ्लाईओवर के हिस्से ढहने लगे। उत्तर की ओर मौजूद सड़क अचानक ही गिर गई, जबकि दक्षिण में मौजूद लेन्स बुरी तरह बर्बाद हो गईं। गवर्नर जॉश शैपिरो ने कहा कि वह इस घटना को आपदा प्रोटोकॉल घोषित करने वाले हैं, ताकि हाईवे को दोबारा शुरू करने के लिए संघीय फंड्स हासिल किए जा सकें। उन्होंने बताया कि हाईवे के गिरने से उसके मलबे में कम से कम एक गाड़ी फंसी है। हम इस आग और हाईवे के गिरने की वजह से हताहत हुए लोगों का पता लगाने में भी जुटे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने भगवान से इस बात का शुक्रिया जताया कि घटना के वक्त हाईवे पर कोई दूसरा वाहन नहीं आया।



## ब्रिटेन में 755 वर्षों में पहली बार महिला बनेगी लॉर्ड चीफ जस्टिस, विक्टोरिया शार्प आगे

**फिलाडेल्फिया।** ब्रिटेन में इस बार एक महिला जज के हाथों में न्याय व्यवस्था की कमान होगी। बीते 755 वर्षों में पहली बार कोई महिला लॉर्ड चीफ जस्टिस बनेगी। इससे पहले किसी महिला को यह गौरव हासिल नहीं हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लॉर्ड चीफ जस्टिस ऑफ इंग्लैंड एंड वेल्स पद के लिए इस बार अंतिम दो उम्मीदवार महिला हैं। इन उम्मीदवारों में जस्टिस सू कैर एक अपीलीय अदालत की न्यायाशीध हैं, जबकि विक्टोरिया शार्प हाईकोर्ट की वरिष्ठ न्यायाधीश हैं।



दोनों उम्मीदवारों में से कोई एक ब्रिटेन का लॉर्ड चीफ जस्टिस बनेगा। आने वाले दो सप्ताह में इसकी घोषणा हो जाएगी। ब्रिटेन में न्यायपालिका की स्थापना के बाद से ही लॉर्ड चीफ जस्टिस की उपाधि हमेशा एक पुरुष को मिलती आई है।

**विक्टोरिया शार्प आगे**

लॉर्ड चीफ जस्टिस का पद पहली बार 1268 में बनाया गया था। अब तक 100 से भी अधिक पुरुष इस पर रह चुके हैं। अब विक्टोरिया शार्प इस पद के लिए सबसे आगे चल रही हैं। उनके जुड़वां भाई गोल्डमैन सैक्स के पूर्व फाइनेंसर रिचर्ड शार्प हैं। उन्होंने बीते महीने बोरिस जॉनसन से जुड़े विवाद के बाद बीबीसी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था।